This site is at 10th mile post from Patna. All the Research Stations have recommended this site as most feasible site from all the view points. The river Ganga is bifurcated here into two channels—one channel called Mahanar and the other Fatwah. This two chnnels are separated by a big Diara which existed as it is for the last 100 years and there is no possibility of its erosion. This site iseconsidered the safest site by Poona and Roorkee both. The Poona Research Station has suggested a bridge on each channels with guide bundh. Cost of the bridge chalculated by the P. W. D. is Rs. 25.44 crores. The cost of maintenance will be negligible. This site has advantage of adequate open space for the purpose of Railways and construction of quarters, etc., which will reduce the cost of acquisition and time to be taken for this purpose. Construction of approaches will not be a problem here due to adequate open space and less habitable area and work can be taken up quickly. About 70 per cent of the vehicle is expected to pass through this bridge without causing any problem for Patna town and will reduce the distance of North Bihar from many important town of South Bihar. There will be no danger to Patna town by this bridge and railway may be interested for a bridge here due to adequate space. The cost benefit ratio for construction of a bridge at this site costing about Rs. 25.00 crores with 6.25 per cent interest and 3/8 per cent of maintenance charges is quite favourable being 1 : 1 attractive enough to qualify for Central or other loan assistance. It will also provide opportunity for development of township near it and space is available for this purpose.

Gulzarbagh (*Site no. 4*)

This site was adjudged by Roorkee Research Station as the best site due to very narrow Khadir width at this site, but the site was ruled out by Poona Research Station due to the danger the bridge may cause to Patna town. If a bridge will be built at this site, there will be very remote possibility of Railway being interested for a rail bridge due to very limited space available. It will require a lot of demolition and acquisition of land leading to litigation and longer time for taking up construction. The cost of construction will be heavier to Site no. 3, though the cost of maintenance will be lower. There will be difficulty about alignment as it passes through very populous areas and will need acquisition and demolition of houses. Since the existing roads are narrow, there will be traffic hazard and the cost benefit ratio will be uneconomical. The importance of this site is that it will be a compromise between Site no. 1 and Site no. 3 and there will be possibility of satellite town developing on the other side of the river.

As you all feel Sir, we must have a bridge at Patna, but it does not find favour from Government. I have explained about all the four sites briefly and now it is for you to take decision.

To have more independent and expert opinion, the State Government wanted the views of a British firm, M/s Render Palmer and Trytton, but it could not be made possible due to foreign exchange difficulty and an American firm M/s J. G. White Engineering Corporation of New York was consulted. They also carried out investigations and tests of 18 sites and observed that there is no possible site near Patna from Digha to the confluence of Gandak, because of increasing danger to Patna town. They recommended two sites—one near Gulzarbagh and other on 12th mile post of Patna near Bankaghat. They do not favour the Gulzarbagh site as there was possibility of Gandak flood water pushing the Patna bank causing danger to the town after construction of the bridge.

Now, Sir, as I have explained, the site of Sabbalpur is not far off Patna. It is only two miles from Patna City and from economical, technical, constructional and hydraulical point of view this site is much more suitable. The aspiration of the people is that there be a bridge at Patna, but this bridge cannot be called very far off from Patna.

In this connection I want to mention Sir, that when Government of India approved the proposal of a rail-*cum*-road bridge at Mokameh even after strong opposition by the State Government for its location near Patna, the Union Cabinet observed that if the Provincial Government after making preliminary investigation, decided to construct a road bridge at Patna the question of an *ad hoc* grant by the Centre could then be considered. This is the trump card which we are utilising for taking Central assistance to this project. We have already discussed the matter with the Government of India for assistance and inclusion of this project in the 4th Five-Year Plan and out present Cabinet in its meeting on 9th May, 1969 has accorded administrative approval for construction of the bridge at a total cost of Rs. 25—40 crores at Sabbalpur and this will be eligible for Central assistance. Very recently our Secretary and Development Commissioner have discussed the matter with the Centre for securing 100 per cent assistance outside the plan ceiling and we hope to have Central assistance in the project.

श्री इन्द्रदीप सिंह--(१) सोनपुर में जब पुल बना तो उससे किस हद तक गंगा के कोर्स में सिफ्ट हुआ इसको कृपया बतावें ।

(२) आप कहते हैं कि सब्बलपुर के नजदीक का दियारा इरोडेबुल नहीं है किन्तु लोग कहते हैं कि कस्मर की मिट्टी करारी है जो इरोडेबुल नहीं है । दियारा तो बराबर ही इरोडेबुल होता है ।

(३) आपने कहा कि कास्ट बेनिफिट रेशियो के हिसाब से और यह कहा कि अन्य जगह में पुल बनाने से ट्रान्सपोर्टेशन का कॉस्ट अधिक हो जायेगा । इससे तो ड्राइवर को पैट्रोल की सेविंग होगी, ट्रक ओनर को सेभ होगा, सरकार का तो पैसा नहीं बचेगा ।

(४) आप छोटानागपुर की तरफ से जिस संख्या में वेहिकल लाने की बात करते. हैं जिससे गुड्स आयेगा, तो क्या यह आवश्यक है कि सभी लोग रोड से ही गुड्स लायेंगे, रेल तो उससे सस्ता पड़ेगा, क्या रेल से वे लोग सामान नहीं ला सकते हैं । आप २५ हजार वेहिकिल्स की बात करते हैं यह किस आधार पर । रजौली-बख्तियारपुर सड़क तो पहले से ही काफी बिजी है क्या सब्बलपुर में पुल बन जाने से सवारियों में जो वृद्धि होगी उसका भार मौजूदा रोड संभाल लेगा ? और इस रोड के विस्तार पर खर्च नहीं करना पड़ेगा ।

श्री इन्द्र कुमार--हम यह कहना चाहते हैं कि सब्बलपुर केवल छोटानागपुर को दृष्टि में रखकर सलेक्ट किया गया है । सारे देश को दृष्टि में रख कर नहीं । यदि इलाहाबाद, बम्बे, कानपुर, अहमदाबाद, आदि जगहों से आने वाले ट्रैफिक को ध्यान में रखकर और इन्टरनेशनल ट्रेड की दृष्टि से भी यदि सोचा जाय तो दीघा साइट ही सबसे अच्छा मालूम होता है । नेपाल से हमारा अच्छा सम्बन्ध है, उससे व्यापार होता है । चीन से भी हमारा व्यापार कभी हो सकता है । इसलिये नेशनल हाइवे ३० एवं ३१ से होकर ही आना पड़ता है । इसको दृष्टि में रखकर यदि सिंगिल ब्रिज ही बनायेंगे तो क्या कॉस्ट होगा और क्या एडवान्टेज होगा ?

श्री यमुना प्रसाद सिंह--इस पुल का उद्देश्य यह होना चाहिये कि उत्तरी बिहार का विकास कैसे हो। दूसरी बात यह है कि नार्थ बिहार को राजधानी से कैसे कनेक्ट किया जाय। यह सवाल बहुत दिनों से चला आ रहा है। आज तक उसका जवाब नहीं मिला। सवाल है कि पटना में पुल हो, जिसको आपने सब्बलपुर में रखा है। हमलोगों को आश्वासन दिया गया था वह इस प्रकार है--दोनों अनुसंधानशालाओं ने पुल स्थल २ एवं ३ को योग्य बताया है दोनों स्थलों की अपनी-अपनी सुविधा असुविधा हैं जो कि प्रोजेक्ट रिपोर्ट के विस्तृत विवरण में शामिल है।

पटना में गंगा नदी पर पुल निर्माण का विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार हो चुका है। पुल-निर्माण के अनुमानित व्यय के औजार-यंत्र, एप्रोचेज तथा अन्य आवश्यक समस्यायें भी सम्मिलित हैं। यह विस्तृत कागजात सरकार के विचाराधीन है। स्थल संख्या २ का अनुमानित व्यय २५.५१ एवं स्थल संख्या ३ का २५.४४ करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति का प्रस्ताव सरकार के पास भेजा गया, जिसकी अभी विभाग में जांच हो रही है।

दोनों स्थानों में केवल ७ लाख का अन्तर था। १९६७ के जनवरी में यह निर्णय लिया गया था और फरवरी में चुनाव होने वाला था। तो आप सोच सकते हैं किस तरह का पोलिटिकल कन्सिडरेशन इस संबंध में हुआ होगा। और १९६८ में सरकार बदल गयी। सरकार ने आश्वासन दिया था कि दोनों स्थानों में पुल बनाया जा सकता है। क्या आप सब्बलपुर में यह पुल बनायेंगे तो जो यह स्टीमर सर्विसेज महेन्द्रूघाट से पहलेजा घाट तक है क्या वह बन्द हो जायेगा। मैं समझता हूं कि वह बन्द नहीं होगा और जनता की तकलीफ दूर नहीं होगी। १५० वर्षों से जो जनता की यह इच्छा रही है कि यह पुल पटना में बने वह इच्छा पूरी नहीं होगी। मुख्य मंत्री ने अभी हाल में ही छपरा में कहा है कि यदि पटने में पुल नहीं बनेगा तो एक पीपे का पुल बनवा दूंगा। यह दो जगह पुल बनाने से तो खर्च और अधिक बढ़ जायेगा।

आप कहते हैं कि दक्षिण बिहार से आने वाली ट्रैफिक का सिर्फ १० परसेन्ट ही पटना में पुल होने से इस पुल से होकर पास करेगा। सोनपुर फेयर के समय आपने ही अपने रिपोर्ट में कहा है कि डेढ़ लाख पैसेन्जर पास करेंगे और नार्मल समय में १५ हजार। कैटल भी २ लाख की संख्या में जायेंगे। तो किस तरह १० परसेन्ट की बात कर रहे हैं।

चूंकि रूड़की और पूना की रिपोर्ट में यह कहा गया है कि दोनों जगह टेकनिकली फिट है। हमलोग भी जानते ह कि जहां लाल-लाल मिट्टी है और कंकरीली मिट्टी है वह कटती नहीं है। राघोपुर दियारे के बारे में देहात के लोग कहते हैं कि वह कट सकता है। तो आपने कैसे कह दिया कि दियारा कट नहीं सकता है।

जनता की इच्छा है कि पटने में ही पुल बने। यदि इसमें कॉस्ट अधिक होगा तो उसके लिये सरकार की अनुमति ली जायेगी। केन्द्रीय सरकार जो पुल बनाने में सहायता दे रही है उसे तो आप सब्बलपुर में खर्च कर देंगे और फिर एक पैन्टून-पुल भी बनाना पड़ेगा। इससे तो अधिक ही पैसा खर्च करना पड़ जायेगा। पटना में पुल बन जाने से जहाज चलना बन्द हो जायेगा। और सड़क के व्यवहार से जो आमदनी होगी उससे सारे पुल का कॉस्ट निकल आयेगा। पटने में पुल बनाने के लिये आप कहते हैं कि कसमर की मिट्टी खराब है, लेकिन मैंने बम्बे आदि में देखा है कि पुल ऊपर-से-ऊपर चला जाता है। आप उसकी सुरक्षा का इन्तजाम कर सकते हैं। कॉस्ट अधिक होगा तो राज्य सरकार केन्द्रीय सरकार से सहायता लेकर करेगी।

श्री रमानन्द सिंह—दीघा में केवल हाई कास्ट की बात है। साइट में कोई डिफेक्ट्स नहीं है। रेलवे के लाइन और मेन्टेनेन्स की बात है। पहलेजा घाट तक रेलवे की लाइन

है ही। कास्मार के सोश्राल को बंध देकर प्रोटेक्ट कर सकते हैं और इस तरह दीवा में पुल बनाया जा सकता है।

श्री पूर्णेन्दु नारायण सिंह—मैं तीन-चार प्वाएन्ट्स आपके सामने रखना चाहता हूं।

(१) २०-२५ वर्षों से सब्बलपुर आदि के सर्वे, पर बेकार खर्च हुआ। पुल पटना में बनाकर सोनपुर या हाजीपुर से कनेक्ट करने की बात थी। इसे मद्दे नजर रखकर ही सर्वे एवं इन्वेस्टिगेशन करना चाहिये था। जनता की इच्छा पटना में पुल बनाने की है।

(२) पटना में पुल बन सकता है या नहीं इसी को टेकनीकल या अन्य जांच होनी चाहिये।

(३) यदि सुरक्षा की दृष्टि से पटना में पुल बनाना होगा तो बन सकता है या नहीं ?

(४) प्रति 'रनींग फीट' जो पुल बनाने का खर्च पड़ता है उस हिसाब से देखने से पटना में पुल बनाने में सब्बलपुर से कुल २½ करोड़ ज्यादा खर्च पड़ता है और ऐसे स्कीम के लिये इतना खर्च के अन्तर को अधिक नहीं कहा जा सकता है। अतः पैसे का कोई प्रोब्लेम नहीं मालूम पड़ता है।

(५) कन्सल्टेन्ट की बात की जाती है। मुझे जानकारी है जे० जी० ह्वाइट कम्पनी को नदी पर पुल बनाने का कोई अनुभव नहीं था भले जमीन पर पुल बनाने का रहा हो। उक्त कम्पनी ने कोई ओरीजीनल काम भी नहीं किया, वित्तीय दृष्टिकोण से भी जांच नहीं की। राज्य सरकार के पास जो कागजात थे उसे ही आधार मानकर रिपोर्ट दिया। तो समझ में नहीं आता कि क्यों फोरेन एक्सचेन्ज का बहाना लेकर एक्सपर्ट ओपिनियन नहीं लिया गया।

(६) और भी लोगों की राय हमलोगों को इस संबंध में लेनी चाहिये। श्री ए० एन० खोसला या वाई० के० लाल या अन्य एक्सपर्ट इन्जीनियरों की भी राय लेनी चाहिये और जल्द-से-जल्द पटना में पुल की फिजिबिलिटी के बारे में विचार करना चाहिये।

Replying the various questions raised by Members, Mr. Bose said—"Kashmar is subjected to the direct flow of the river, whereas the river is bifurcated in the Raghopur Diara near Sabbalpur into two zones and direct flow is not there. The study of 150 years have shown that Kashmar is erodable and Diara has existed for last over 100 years. If required I will read out the opinion of Mr. Fanton, Mr. Lecey, Poona and Roorkee Research Stations and Consultants' views in this connection.

The railway runs in South Bihar from east to west and a net work of roads run from south to north. Had there been a railway parallel to the National Highways, people would have preferred rail, but for the present the distance of place of North Bihar by rail increases as compared to roads. Since shunting etc., are required at various places, it takes a lot of time to carry goods by rail and people naturally prefer the communication by road. Similarly, since traffic will cover lesser distance by road, people will pay less and so it will be a saving to the customers and not to the truck owners. We have always kept in view the railway traffic and have always thought of rail-*cum*-road bridge. But there has been no substantial change in the circumstances which was obtaining at the time of construction of rail-*cum*-road bridge at Mokameh, since the North Bihar railway lines are yet metre gauge, it will not be economical to have rail-*cum*-road bridge for the present and this is why we have proposed for a road bridge for the present taking into account the possibility of railway joining at a later date.

So far traffic from Bombay, Ahmedabad, Kanpur, etc. by road is concerned, there exists G. T. Road and the traffic will pass through Mokameh via Barhi taking advantage of short distance to North Bihar. Further more people prefer rail for longer distance. We only expect goods traffic from South Bihar. Of course, N.H.30 or 31 will not carry the increased load of traffic after the bridge is constructed and for taking improvement of these roads we are expecting an allocation of 40 crores out of 400 crores provided in the 4th Five-Year Plan for this purpose."

श्री वीर नारायण चन्द--इन्जीनियर साहब को सुनने के बाद ऐसा लगता है कि हमारे इन्जीनियर लोग अपने तजुर्बा से या अन्य कारणों से आमादा है कि पटना में पुल नहीं हो सकता है और बिहार के लोगों की इच्छा है कि पटना में पुल हो। आप कुछ भी कहें उससे लोग संतुष्ट होने को नहीं हैं। आपके और हमारे दृष्टिकोण में फर्क है। पटना में पुल बनाकर हाजीपुर या सोनपुर से कनेक्ट करने की बात को असंभव कहें तो वैज्ञानिकों के लिये शर्म की बात हो। आप कहते हैं कि पटना में पुल सम्भव नहीं है और हमलोग कहते हैं कि पटना में होना चाहिये तो ऐसी स्थिति में नो हमारे मिनिस्टर को केन्द्रीय सरकार से बातचीत करके और हमलोगों की भावनाओं की जानकारी उन्हें कराकर कोई दूसरा रास्ता निकालना चाहिये। इस बात-चीत से तो कोई फायदा नजर नहीं आता।

श्री इन्द्रकुमार--पटना में पुल हो और नहीं तो कहीं भी नहीं हो यह मेरा दृष्टिकोण नहीं है। यदि पटना में सम्भव नहीं हो तो सब्बलपुर में ही हो। किन्तु इसकी जांच होनी चाहिये कि पटना में सम्भव है या नहीं और रेलवे से भी बात करनी चाहिये कि वह इस स्कीम की तरफ झुक सकते हैं या नहीं।

श्री बोस--मैंने तो कहा है कि पटना में पुल बन सकता है। ऐसा कभी नहीं कहा कि पटना में सम्भव नहीं है। मैंने दिक्कतों का जिक्र किया है। पैसे का प्रश्न है।

श्री अनिल कुमार सेन--सरकार को निर्णय लेना है। विभाग का काम है यह बताना कि यह हो सकता है या नहीं।

श्री रजनधारी सिंह---आप कहते हैं कि पटना में दीघा में पुल हो सकता है।

श्री एम० एम० बोस---मैं स्पष्ट कहता हूं कि यदि सरकार कहे कि किसी निश्चित जगह में पुल हो ही नो बन सकता है। दीघा में पुल बन सकता है। हमलोगों ने विभिन्न साइट का सर्वे किया है दिक्कतें बतलायी हैं और निर्णय लेना सरकार के हाथ में है कि पटना में ही पुल बने। यह सिर्फ कास्ट का प्रश्न है।

श्री रजनधारी सिंह--समिति के लिये यह बहुत हेल्पफुल होगा कि आप दीघा और सब्बलपुर दोनों पुलों के बारे में अलग-अलग कौस्ट बतावें।

श्री इन्द्रदीप सिंह---साईट नं० १ और २ दोनों के लिये दिक्कत पैदा करता है कस्मर तरफ का इरोडेबुल होना। आप यह भी बतावें कि कमर के प्रोटेक्शन के लिये क्या कॉस्ट होगा। दीघा और सब्बलपुर के पुल के बारे में तुलनात्मक डाटा भी दीजिये। तथा मेरा अनुरोध है कि इन दोनों जगहों के बारे में पूना तथा रूड़की की रिपोर्ट भी दें।

अध्यक्ष---सदस्य लोग वाई० के० लाल तथा इस पुल के काम से संबंधित और लोगों की राय भी अगली मीटिंग में सुनना चाहते हैं।

सचिव, लोक निर्माण विभाग---अध्यक्ष महोदय, मैं एक-दो बातें कहना चाहता हूं। हमारे इन्जिनियर लोग इस काम को १० वर्ष से कर रहे हैं और इन्हें काफी अनुभव प्राप्त है। आप ऐसे इन्जिनियरों को सुनना चाहते हैं जो विभाग से बाहर चले गये हैं। जबतक वे मौजूदा स्थिति की जानकारी प्राप्त नहीं कर लेते तब तक उनको सुनने से कोई विशेष लाभ नहीं होगा। यदि आप एक्सपर्ट ओपिनियन लेना चाहते हैं तो पूना, रूड़की, जी० जे० हवाइट आदि की रिपोर्ट से मिल सकती है या ऐसे कुछ इन्जिनियर जो इससे संबंधित हैं, उनसे बातें की जा सकती हैं। पटना में पुल बन जाय यह उत्तम बात होगी, किन्तु कोस्ट भी एक बड़ा सवाल है। २५ करोड़ का खर्च इस पुल का है और १० करोड़ रुपया मांगने के लिये हम और विकास आयुक्त दिल्ली गये थे ताकि चौथी योजना में इसे सम्मिलित किया जा सके और कितनी परेशानी उठानी पड़ी है दिल्ली में यह मैं क्या बताऊं। जरूर पुल बन सकता है पटने में, नदी को मोड़ कर बना सकता है, विदेशों में तो थ्री साइडेड ब्रिज बना हुआ है, किन्तु हमारी आर्थिक स्थिति क्या है इसे देखना होगा।

लोग शायद ऐसा समझते हैं कि सब्बलपुर पटना से दूर है। पटना सिटी ८-९ मील है और वहां से सिर्फ दो मील ही आगे यह ब्रिज बन रहा है। इसके अलावे इस पुल से ४५० ट्रक रोज पास करेगा इसे पटना की क्या हालत होगी सोचा जा सकता है। महेन्द्रू या दीघा में पुल बनाने से घरों को डिमोलिस कर जमीन अर्जित करने की दिक्कत और उत्पन्न होने वाले विवाद पर भी ध्यान देना होगा। नदी को मोड़कर पुल बनाना खतरा से खाली नहीं है और इसके लिये सुरक्षा पर बहुत अधिक व्यय करना होगा। पुल हो जाने पर उस पार टाउन को डेवलप करने की बात अभी नहीं सोची जा सकती है क्योंकि, अभी तो दानापुर साइट में ही विकास नहीं हो रहा है।

हम और विकास आयुक्त सब्बलपुर जाकर साइट देख कर अंदाज लगा चुके हैं कि वहां पुल बनने से क्या सुविधा है। प्लानिंग कमीशन से इसके बारे में बातें हो चुकी हैं और यदि जमीन अर्जन आदि की दिक्कत लेकर देरी हुई और चौथी योजना में यह नहीं आ सका तो फिर १० वर्ष लग सकता है इसे करने में। साथ ही इतना बड़ा प्रोजेक्ट शहर के बीच में करना आसान नहीं है। संसार का कोई भी इतना बड़ा पुल शहर के अन्दर नहीं है---हवड़ा पुल भी जब बना था तो वहां शहर नहीं था। इन बातों पर भी ध्यान देना चाहिये।

समिति ने निर्णय लिया कि अगली मीटिंग में मुख्य अभियंता, लोक-निर्माण विभाग दीघा साइट के बारे में निम्नलिखित बिन्दुओं पर जानकारी हासिल करायेंगे :---

(1) Technical possibility.
(2) What would be the cost.
(3) Cost of construction and cost of maintenance.
(4) Quantum of land Acquisition and allied problems.
(5) Constructional space as on the site and space regardin per storage, etc.

(6) Traffic distance involved and cost benefit ratio.
(7) Possibility of railway utilising this site.
(8) Safety of Patna town.

The Committee adjourned to meet at 9 A.M. on 21st June, 1969 in the Conference Room of Bihar Secretariat, Patna.

राम विलास शर्मा,
१६/६/१९६९ ।

दिनांक २१ जून, १९६९ को बिहार विधान-परिषद् द्वारा गठित गंगा पुल समिति की बैठक, जो सचिवालय सम्मेलन कक्ष में ९ बजे प्रात: में हुई, की कार्यवाही ।

निम्नलिखित सदस्य उपस्थित थे :—

अध्यक्ष ।

१ । श्री राम विलास शर्मा ।

सदस्यगण ।

२ । श्री अनिल कुमार सेन ।
३ । श्री रजनधारी सिंह ।
४ । श्री वीर नारायण चन्द ।
५ । श्री इन्द्रदीप सिंह ।
६ । श्री कैलाश सिंह ।
७ । श्री नूरूल्लाह साहेब ।
८ । श्री यमुना प्रसाद सिंह ।
९ । श्री रमानन्द सिंह ।
१० । श्रीमती प्रभावती गुप्ता ।
११ । श्री कृष्ण मोहन प्यारे सिंह ।

सचिवालय ।

१ । श्री मुनेश्वरी सहाय, सचिव, बिहार विधान-परिषद् ।
२ । श्री राजनन्दन ठाकुर, उप-सचिव, बिहार विधान-परिषद् ।

विभाग के पदाधिकारी ।

१ । श्री एम० एम० बोस, मुख्य अभियंता, लोक-निर्माण विभाग ।
२ । श्री बी० एन० सिंह, विकास आयुक्त, बिहार ।
३ । श्री नन्देश्वर प्रसाद, सचिव, लोक-निर्माण विभाग ।
४ । श्री रामेश्वर प्रसाद सिन्हा, अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग ।
५ । श्री एम० आलम, कार्यपालक अभियंता, लोक-निर्माण विभाग ।
६ । श्री उदय कृष्ण अग्रवाल, कार्यपालक अभियंता, गंगा पुल परियोजना ।

७ । श्री वीरेन्द्र प्रसाद, अधीक्षण अभियंता के निजी सहायक, गंगा पुल परियोजना ।

८ । श्री राम रत्न प्रसाद सिंह, अवर-प्रमंडल पदाधिकारी, गंगा पुल परियोजना ।

९ । श्री शिव मोहन प्रसाद, कार्यपालक अभियंता, गंगा पुल परियोजना ।

PROCEEDINGS OF THE COMMITTEE ON GANGA BRIDGE HELD IN THE CONFERENCE ROOM, PATNA ON THE 21ST JUNE, 1969 AT 9 A.M.

श्री एम० एम० बोस—गत मीटिंग में मुझे कहा गया था कि दीघा में पुल बनाने के संबंध में आंकड़ा और उसपर लागत खर्च का लेखा-जोखा मैं प्रस्तुत करूं । गंगा पुल के लिये चार साइट चुना गया था—पहला दीघा साइट नं० १, दूसरा पटना कलक्टरी साइट नं० २, तीसरा गुलजार बाग साइट नं० ४ तथा चौथा सब्बलपुर साइट नं० ३ । जैसे-जैसे हमलोग इनवेस्टीगेशन करते गये वैसे-वैसे उसका रिफेरेन्स पूना रिसर्च स्टेशन को भेजते रहे । १९६८ में उसकी पहली रिपोर्ट आयी जो इस प्रकार है :—

From the above it would be evident that a bridge at site no. 2 proposed by the Bihar P.W.D. would definitely increase the attack on the Patna City bank. There is no quantitative measure for designing the protection works in relation to increased attack in terms of velocity, depths and intensities. Hence this aspect needs to be seriously considered before taking a decision about the site.

(2) If the bridge is constructed at the site no. 2 the Fatwah channel is likely to develop.

फिर दूसरी रिपोर्ट अगस्त, १९६५ में आई जो इस प्रकार है :—

(*a*) From the above experiments it was quite clear that Bihar P.W.D. site no. 3 with a bridge on each of the channels—Mahnar and Fatwah is suitable.

(*b*) Each bridge will have a waterway of 4,008 ft. This provides sufficiently safe and dependable means of communication across the Ganga.

(*c*) Each of these bridges can be protected with only one guide bund 4500 ft. long as both the natural banks are reported to consist of good clay.

(*d*) The guide bund on Mahnar channel will have to be splayed by 22½° to the bridge axis while that on Fatwah channel by 7½°

(*e*) The length of downstream guide bunds may be kept 1000′ long and normal to bridge axis.

At present the river meander is held at Kashmar, Patna City and at Gopalpur (a point 2.5 miles upstream of the proposed bridge abutment). This shows that under a worst condition this meander can safely travel about 1.5 miles downstream, if, however, it exhibits a tendency to travel further downstream, in the transition period

before the river can shift from the Mahnar channel to Fatwah channel, due to shortening of its length, it may increase attack on the Patna bank. Now this can happen only if the Kashmar bluff erodes further to permit the downward travel of the meander. It is, therefore, necessary to test the bank material at Kashmar to ascertain its reliability and also keep a watch on the Kashmar point in the post-bridge period.

बाद में फाइनल रिकोमेन्डेशन आया जो इस प्रकार है :—

GOVERNMENT OF INDIA.

CENTRAL WATER AND POWER RESEARCH STATIONS, P. O. KHADAWASLA
RESEARCH STATION, POONA.

PROPOSED GANGA BRIDGE AT PATNA.

Introduction.—For deciding a suitable site for the proposed bridge, three sites viz., site no. 2, site no. 2A and site no. 3 were investigated in hydraulic model. Actually site no. 2 and 2A are modifications of the same site vide fig. 1 But on subsequent consideration, it is now proposed to shift this site about a 1/4th mile upstream. However, the studies so far carried out refer to only the original site no. 2 which is discussed here. These results in general would be applicable to the changed site though some changes may be necessary. On site no. 3 it is proposed to provide two bridges on the two channels viz., Fatwah and Mahnar. The studies carried out on these sites have been reported in specific Note nos. 658, 655 and 695.

2. *Earlier Studies.*—Studies carried out for site no. 2 and site no. 2A showed that due to construction of the waterway and also the geometry of the site, bridge at either of these sites resulted in an increased attack on the city bank. This increase being considerably more for site no. 2A, this site was ruled out. In the case of site no. 2, both the intesity of discharge and the velocity along the Patna bank were increasing. This increase in velocity as observed on the model after extra scour had developed was upto an addition of about 2 ft./Sec. for a river discharge of 18.5 lakh cusecs. With this extra intensity of discharge, the river bed is expected to scour to a greater extent and the intensity of the diving flow which is also responsible for attack on the bank is liable to increase. In view of uncertainty regarding exact nature of materials on the bed and banks in the immediate vicinity of the bridges at site nos. 2 and 3 and at Kashmar a number of bore holes were taken on both banks vide fig. 1 and the samples analysed for the soil properties. One of the important points to be considered in connection with site no 2 is the dependability of Kashmar Bluff to ensure satisfactory flow condition along the long north approach embankment, along the guide bund and through the bridge.

In the case of site no. 3 as already stated earlier, it was necessary to provide 2 bridges on each on the Fatwah and Mahnar channels.

For this site also a long approach embankment on the Raghopu Diara is needed with suitable protection. Another point that has been under discussion in connection with site no 3 is about the location of the right guide bund on the Mahnar channel. It has been argued uptil now that due to shifting of the Mahnar channel towards the right at the location of this guide bund. The guide bund may be lying in deep watersand hence may be difficult for construction. In this connection it may be mentioned that in a river like the Ganga as a result of changing hydrographs there would always be changes in channel configurations, positions of shoals and deep waters resulting in changes in velocity distribution. The necessary changes in the designs would be required at the time of construction as was done in the case of Mokameh bridge. For examining this aspect river configuration existing at that time would have to be considered. For examining the present configuration contours of the Mahnar channel bed have been plotted on the basis of 1966 pre-flood survey.

The contour plan is shown in fig. 2. This clearly shows that most of the guide bund is lying at a place where the bed levels are RL 130 and above. Only a short length of about 1,230 ft. is located at a place where levels are well below RL 130. The working seasons water levels in the river are roughly as follows :—

January-February : Between RL 136 and 135
March-April-May : Between RL 134 and 133.

This, thus, would indicate that at best there may be 3 to 4 ft. of water at the site of the major length of the guide bund apron. The thickness of this apron may be 8 to 10 ft. and as such it is not expected to pose any special difficulty for this construction. If required suitable training measures could be adopted.

3. *Soil Studies* —The Superintending Engineer, Ganga Bridge Investigation Circle *no*. II, Patna, collected considerable amount of date about the properties of soils existing on the right bank at Patna, at Kashmar and at the bridge site no. 3 for the Fatwah and Mahnar banks. The properties of soils such as clay content, field moisture content, liquid limit, plastic limit, plasticity index cohesion and dry density and parmeability were furnishd.

The object of collecting this information was to study the resistivity of the materials to erosion and scour. The main point which has been raised in which of the two sites would be better for the hydraulic point of view for construction of bridge across the Ganga near Patna with due regard to soil conditions. To examine the relative worthiness of the Patna bank and the Kashmar bank *vis-a-vis* the right bank of Mokameh where no protection is provided and dependence is placed on worthiness of clay bank, data at Mokameh was also collected. A comparative study of the data brings out the following points :—

Average cohesion of soil at Mokameh (u/s of bridge) varies from 6 to 12 lbs. per sq. inch. against the average of 4 lbs. per sq. inch for the Patna bank. Field moisture content (F. M. C.) for Mokameh sample is nearer to saturation limit. For Patna samples F.M.C. is less than the saturation limit. The cohesion values for materials at Patna will further reduce under saturation condition. Besides the clay contents of materials at Patna are less in general. It may be added here that soil samples from the bore hole Np. 40 about 800 d/s of the bridge at Mokameh are comparatively weaker and some erosion had occured at this place in 1962 as reported by the Chief Engineer, Eastern Railway. It may also be incidentally mentioned that the intesity of discharge at Mokameh for river discharge of 18 lakhs cusecs is of the order of 290 cft. per foot against 600 and odd cft. along the Patna bank giving a shear stress of 0.42 lbs. per sq. foot at Mokameh where no erosion is reported immediately upstream of the bridge (Bore hole no. 39) and 0.42 to 0.58 lbs. sq. foot for the latter. It would thus be obvious that the Patna bank, even if it had the same properties as at Mokameh, would be susceptible to considerably higher shear values which may contribute to more scour and instability of the bank. Moreover the Patna bank at this site consists of silt layer intersperced between the clay layers a feature not discernible at Mokameh bore hole no. 39! In addition bore hole nos. 41 and 42 just upstream of site no. 2 have shown that there is clay in the river bed—its thickness being 18 to 34 ft. adjacent to the bank and hence, an apron if provided in continuation of the bank pitching for its protection would not launch properly and uncertainty of the bank stability would prevail. Earlier some protection works for the Patna bank in the shape of bank pitching and apron were designed and these designs would now be required to be modified in the light of the present test results. Considerable dependence for this bridge site is also required to be placed on the Kashmar bank. The study of materials at this place does not support the contention of its dependability. Cohesion of the samples at the bluff point varies between 6 and 10 lbs. per sq. inch but further upstream it falls down to low values between 1.4 to 4 lbs. per sq. inch. It is likely that the river may further scour on the left bank at his place a little upstream of the bluff depending upon the upstream curvature and the approach conditions, which get further modified to the construction of the bridge. If this happens, the flow conditions, upstream of the bridge may endanger the guide bund as well as the approach embankment of the bridge as it happened in the case of railway bridge on the Ganga at Garhmukteshwar.

Regarding bridge site no. 3, the study of the materials shows that as far as left bank at Mahnar is concerned, the soil is poor. The only relieving feature is the number of layers of silt stone as indicated

by bore hole nos. 36, 37 and 21. If this bank shows signs of erosion, protection would be required for the Mahnar bridge on the left bank. As far as right bank at Fatwah is concerned, the material consists of clay soils as observed along the Patna bank and protection need not provided as there is no important property on the banks upstream and downstream.

4. *Conclusions.*—In view of above discussions site no. 3 is considered preferable.

श्री कृष्ण मोहन प्यारे सिंह—गत मीटिंग में हमलोगों ने सवाल उठाया था कि दीघा में पुल कैसे बने। इस संबंध में आप बतलायें कि क्या-क्या दिक्कतें हैं ? सब्बलपुर की बात यह है कि वहां पानी की चौड़ाई को कम किया जा रहा है। उसका ननीजा यह होगा कि पानी का फोर्स बढ़ जायेगा और इस कारण लोगों की जमीन हर साल कटती जायगी। अब मुझे कहना है कि गुलजारबाग में पुल क्यों नहीं बन सकती है ? इस रिपोर्ट को पढ़ने से मालूम होता है कि गुलजारबाग में पुल बनने में सिर्फ एक ही दिक्कत है और वह दिक्कत है भूमि-अर्जन की। मैंने वहां जाकर देखा है और करीब-करीब मैं पटना में पचासों वर्ष से हता हूं कि वहां बहुत-सी परती जमीन है तथा जो मकान भी हैं वे पुराने और उजड़े हुए हालत में हैं।

श्री बी० एन० सिन्हा—अध्यक्ष महोदय, मैं समिति का १० मिनट समय लेना चाहता हूं, क्योंकि अभी मुझे एक दूसरी मीटिंग में जाना है। इसलिये मैं १० मिनट में ही अपनी बात कहूंगा।

अध्यक्ष—पहले श्री बी० एन० सिन्हा की बातें हमलोग सुन लें कि उनको क्या कहना है, क्योंकि अभी उनको एक दूसरी मीटिंग में जाना है।

श्री बी० एन० सिन्हा—मुझे साइट के बारे में कुछ नहीं कहना है कि गंगा पर पुल दीघा में बने या गुलजारबाग में बने या सबलपुर में बने। मैं सिर्फ दो बातें कहना चाहता हूं। एक प्लानिंग और दूसरा फाइनान्स के बारे में। आज पचासों वर्ष से इस बात की कोशिश हो रही है कि पटने ने एक पुल बने। केन्द्रीय सरकार से जब बिहार में गंगा पर पुल के लिये कहा गया तो उसने वादा किया कि हम उसके लिये मदद करेंगे। इसलिये चतुर्थ पंचवर्षीय योजना का जो प्रारूप बना उसमें इस पुल को शामिल किया गया। इसीके साथ-साथ यू० पी० के लिये तीन पुलों को भी शामिल किया गया। उस समय का जो पैटर्न आफ फाइनान्सियल एसिस्टेन्स था उसके मुताबिक ४।। करोड़ बिहार को और ४।। करोड़ यू० पी० को रुपया देने की बात थी। इसी बीच नेशनल डेवलपमेंट कौंसिल की एक सब-कमिटी बनी जिसने पहले के पैटर्न आफ फाइनान्सियल एसिस्टेन्स को रिभाइज किया। जब यह एक्सेप्ट हो गया नो सेन्टर ने कहा कि अब एसिस्टेंस देने का पैटर्न ही बदल गया इसलिये सेन्टर किसी तरह का एसिस्टेंस इस पुल के लिये देने से मजबूर है। इस तरह सेन्टर से एक छदाम भी मदद नहीं मिलेगी। इस पुल के लिये जो भी खर्च होगा उसके लिये स्टेट अपना रिसोर्सेज खोजे। इस बात को देखकर प्रेसिडेंट रूल में एडवाइजरों ने चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के प्रारूप में इस आइटम को छोड़ दिया। क्योंकि २५ करोड़ रुपया कोई

छोटी रकम नहीं है। इरीगेशन, पावर आदि में पहले से ही इतना कट हो गया है कि अब उसमें फरदर कट करना बिल्कुल ही संभव नहीं होगा। अब अगर कुछ कट करते हैं तो हमारे जो प्लान हैं वे सब पूरा नहीं हो सकेंगे। हम आये तो देखा कि उत्तर बिहार का डेवलपमेंट नहीं है चूंकि गंगा पर पुल नहीं है। यू० पी० में ६ पुल हैं और उनलोगों को ३ और पुल मिला है—पहला फरुखाबाद, दूसरा मिर्जापुर और तीसरा गाजीपुर। गाजीपुर के पुल को रामसुभग बाबू खींचकर बक्सर लाये हैं लेकिन फिर भी उससे ज्यादा फायदा यू० पी० को ही होगा। हमने अपने सरकार को कंभीन्स किया और सेन्ट्रल गवर्नमेंट को भी कनभीन्स किया। आज होता यह है कि जो धनी राज्य है वह धनी होता है और जो गरीब राज्य है वह और भी गरीब होता जा रहा है। बिहार का जो ऐरिया डिप्रेस्ड है वह और डिप्रेस्ड होता जा रहा है और जो प्रोसपेरस है वह और प्रोसपेरस होता जा रहा है। उदाहरण के तौर पर उत्तर बिहार को देखें। मैंने केन्द्रीय सरकार को कनभीन्स किया तो इसको चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में शामिल किया गया लेकिन उनलोगों ने कहा कि पैसा बिहार राज्य अपने ऊपर गछे। पंचवर्षीय योजना में इसको डाल देने से ही यह शामिल नहीं हो जायगा क्योंकि जबतक इसकी स्वीकृति केन्द्रीय सरकार ने दे दे। सेन्टर ने कहा कि आप अपने प्लान में एडजस्टमेंट करके डाल दीजिये। एक तरफ तो यह हालत है और दूसरी तरफ सीचुएशन यह है कि केन्द्र में पांचवीं फाइनान्स कमीशन की रिपोर्ट मिलने वाली है। उसमें कुछ एडिश्नल फंड होगा। उसके लिये मारा-मारी होगी कि कौन स्टेट ले। फंड का बंटवारा सितम्बर में होनेवाला है। दूसरी चीज है कि वर्ल्ड बैंक कुछ प्लान को मदद करेगी और उसके लिये सहायता प्रदान करेगी। यह भी सितम्बर महीने में होनेवाला है। इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि आपलोग इसी दो बैकग्राउन्ड में इसपर डिसीजन लें। पुल के साइट के चुनाव तक हमलोग रुके रहें तो हो सकता है कि इस अवसर को खो दें। एक मीटिंग हुई थी जिसमें मिनिस्ट्री आफ फाइनान्स की ओर से श्री सचिन दत्त थे। उस मीटिंग में जो बातें हुई उससे मालूम होता है कि अभी कुछ आशा है। दूसरी पुल के निर्माण में भारत सरकार की ओर से सहायता मिलने के संबंध में जो बातें श्री अशोक मेहता और श्री टी० टी० कृष्णमाचारी से हुई थी उसमें श्री सचिन दत्त भी थे। श्री दत्त साहब ने कहा था कि गंगा पर पुल के निर्माण में सहायता का पैटर्न जो तय हो गया है उसके मुताबिक बिहार को एक पैसा भी नहीं देना चाहिए। लेकिन पहले भूतपूर्व वित्त मंत्री एवं प्लानिंग कमीशन के डिप्टी चेयरमैन ने आश्वासन दिया था कि पटना और यू० पी० में गंगा पर पुल के निर्माण में सहायता मिलेगी। जब प्लानिंग कमीशन के उपाध्यक्ष श्री गाडगिल से बातें हो रही थी तो उन्होंने कहा कि ऐसी परिस्थिति में सेन्टर कोई सहायता नहीं दे सकता है। जब मैंने पुरानी बातों को याद दिलाया और नेशनल डेवलपमेंट कौंसिल की किताब उनके सामने रखी तो उन्होंने कहा कि सौ परसेंट लोन मिलेगा और यह हुआ था सब्बलपुर पुल के बारे में। परन्तु सोचने की बात यह है कि यह जो लोन मिलेगा उसका तो रिपेमेंट करना होगा। सभी बातों का ख्याल करके तथा एकोनोमी फीजिबिलिटी का ख्याल करके सब्बलपुर को चुना गया। सारा मामला कैबिनेट के सामने रखा गया। डेढ़ घंटे तक बहस हुई जिसमें बोस साहब भी मौजूद थे। तब सब्बलपुर साइट को स्वीकृत किया गया। प्रेजेंट कैबिनेट ने भी इसको इन्डोर्स किया था। हम जो पैसे का निगोशियेशन कर रहे हैं वह सब्बलपुर साइट के लिये। जब इस संबंध में हमलोग दिल्ली गये तो उसी समय अखबार में प्रकाशित समाचार को हमलोगों के सामने देते हुए कहा कि अब दिल्ली आने को कोई जरूरत नहीं है। अब आपलोग साइट चेंज कर रहे हैं। इसलिये साइट का निर्णय करके कितने पैसे की जरूरत है इसके हिसाब के साथ आइये। उन्होंने तो हमको मना कर दिया है। अभी तो खुशकिस्मती है कि ट्रान्सपोर्ट मिनिस्ट्री ने सब्बलपुर साइट को इन्डोर्स कर दिया है। अगर ट्रान्सपोर्ट वाले एकोनौमी फिजिबिलिटी पर शक-सुबहा रेज करेंगे

तो हमलोगों को शांत हो जाना पड़ेगा और सारा मामला ट्रान्सपोर्ट मिनिस्ट्री में जांच के लिये चला जायगा। यही तो सारी स्थिति है जिसको मैंने आपको बतलाया।

बोस साहब से हमारी बात हुई थी। उन्होंने हमसे कहा कि जांच दीघा के बारे में या दूसरी जगह की जांच कराने में लगभग डेढ़ साल लग जायगा क्योंकि सोग्रायल टेस्ट कराना पड़ेगा। और सोग्रायल टेस्ट बरसात के बाद ही हो सकेगा। मान लीजिये हमलोग ज्यादा मुस्तैद हो तो डेढ़ साल का काम एक साल में हो सकेगा। उसके बाद एक एस्टीमेट देना होगा जो वगैर नेसेसरी इनभेस्टीगेशन और जांच के नहीं हो सकता है। कुछ भी करने के पहले इन कामों को करना आवश्यक है। कोई भी इंजीनियर काम शुरू नहीं कर सकता है जबतक एस्टीमेट डिजाइन वगैरह नहीं बन जाय। इन्हीं कामों के बाद हमलोग सेन्ट्रल गवर्नमेंट के पास आर्थिक सहायता के लिये जा सकते हैं। सब्बलपुर साइट को यदि हमलोग छोड़ दें तो यह भय हो सकता है कि पुल कहीं भी हमलोग नहीं बना सकेंगे और भारत सरकार एडिश्नल फंड को बांट कर खतम कर दे। वैसी हालत में गवर्नमेंट सेक्टर से काटकर हमलोगों को पुल बनाना पड़ेगा, जिसमें हमलोगों को काफी कठिनाई है। अभी स्थिति यह है कि दो सौ मेगावाट का शौर्टेज है। ट्यूबवेल नहीं गाड़ सकते हैं क्योंकि बिजली नहीं मिलेगी। मिडियम इरीगेशन की हालत यह है कि हम एक भी नई स्कीम को नहीं ले सकते हैं। रोड की हालत ऐसी है कि एक भी नया रोड हम नहीं बना सकते हैं। शिक्षा की हालत यह है कि जो बेयर मिनिमम है उसमें भी आपने ५ करोड़ का कट किया, माइनर इरीगेशन में भी आपने कट किया। जब ऐसी हालत है तो स्टेट सेक्टर से कहां से काट कर आप पैसा लायेंगे। हमने अपनी दिक्कतों को आपके सामने रख दिया। अंत में मुझे इतना ही आग्रह करना है कि आप इसमें शीघ्रता कीजिये नहीं तो रुपये का बंटवारा हो जायगा और हमको कुछ भी नहीं मिलेगा। यू० पी० में ६ के बजाय ६ हो जायगा। हुगली के लिये क्लीयरेंस मिल चुका है। हम ज्यों-के-त्यों रह जायेंगे।

श्री यमुना प्रसाद सिंह––आपने सब तरह से बतलाने की कोशिश की। आखिर आप यह कहें कि सब्बलपुर के अलावे कोई ऐसी जगह है जहां दो-तीन महीने के अन्दर साइट तैयार किया जा सके। जहांतक सब्बलपुर की बात है पेज १३ में दिया हुआ है कि चेन्ज आफ रिभर वहां हमेशा बना रहेगा। यह डर है कि कहीं पुल ही न बह जाय। जहांतक आपने टेकनिकलीटी की बात कही राघोपुर दियारा के लोग भी कहते हैं कि कभी इधर और कभी उधर गंगा बदलती रहती है।

श्री बी० एन० सिन्हा––हमने शुरू में ही कहा कि जहांतक टेकनिकलिटी की बात है उसको तो टेकनिकल एक्सपर्ट ही बता सकते हैं, लेकिन जो रिपोर्ट आयी है उसमें सब्बलपुर ही बेस्ट माना गया है। हो सकता है कि कोई दूसरा टेकनिकल परसोनेल आवे जो इसको गलत साबित कर सके लेकिन मुझे तो टेकनिकल नौलेज नहीं है। जहांतक दीघा साइट का सवाल है इसके बारे में तो बोस साहब भी बता सकते हैं कि कितना समय लगेगा, लेकिन हमारे जैसा ले मैन भी कह सकता है कि इसके इनभेस्टीगेशन और पूना में इसके माडल एक्सपेरीमेंट आदि में कम-से-कम १८ महीने लग जायेंगे। बिना मॉडल एक्सपेरिमेंट के कोई पुल नहीं बनाया जा सकता है, क्योंकि कोशी बांध जो बांधा गया उसमें पूना इन्स्टीच्यूट ने कहा था कि वेस्टर्न बैंक को न बनाइये। परन्तु पोलिटिकल प्रेसर के कारण वहां बनाया गया, जिसका नतीजा हुआ कि दलवा कन्हौली में अबतक हमलोगों को ७ करोड़ रुपया कोशी तटबंध को बचाने के लिये खर्च करना पड़ा और हर साल करीब एक करोड़ रुपया खर्च करना पड़ेगा। इसलिये अगर कोई दूसरा साइट चुना जायगा तो उसके

लिये मॉडल एक्सपेरिमेंट करना पड़ेगा। इसमें कितना समय लगेगा यह तो पूना इन्स्टीच्यूट ही बतला सकता है।

श्री कृष्ण मोहन प्यारे सिंह---हमने जिस साइट के बारे में कहा है उसका मॉडल भी है और एस्टीमेंट भी हो चुका है। वह साइट गुलजारबाग है। उसके बारे में कहा गया है कि २८.२ करोड़ रुपया खर्च होगा।

श्री इन्द्रदीप सिंह---जब सेन्ट्रल गवर्नमेंट ने आश्वासन दिया है कि सहायता देंगे तो कोई वजह नहीं है कि सब्बलपुर में पुल न बनाकर पटना में पुल बनावें तो वे सहायता न देंगे।

श्री बी० एन० सिन्हा---सेन्ट्रल एसिस्टेंस का सारा पैटर्न बदलने के बाद मिनिस्ट्री आफ फाइनान्स ने आश्वासन दिया है कि पास्ट कोमिटमेंट को ध्यान में रखकर विचार किया जायगा।

श्री इन्द्रदीप सिंह---सेन्ट्रल रेलवे रोड बनाने के विषय में क्या हुआ?

श्री बी० एन० सिन्हा---इसके बारे में हम चुप रह गये। हम कहां की बात करें सब्बलपुर की या दीघा की?

श्री इन्द्रदीप सिंह---क्या आपने सब्बलपुर के बारे में बात की थी?

श्री बी० एन० सिन्हा---बात करने के पहले ही अखबार में निकल गया कि साइट सेलेक्शन के लिये एक कमिटी बनी है। रेलवे दो बीजनेस पोआएन्ट आफ भ्यू से बनायेगा। सब्बलपुर में दीघा से उसको कम खर्च पड़ेगा।

श्री इन्द्रदीप सिंह---केन्द्रीय सरकार यह चाहती है कि जब बिहार में पुल बन जाय तो हम अपना स्कीम चालू करें और उससे नफा कमायें। हमलोग कोशिश करेंगे कि ऐसा नहीं होने पावे।

श्री बी० एन० सिन्हा---यह तो बाद की बात है। उस समय अपना प्रोपोरशन उनसे हमलोग रियलाइज करेंगे। लेकिन सवाल है कि हम रेलवे से क्या बात करें। रेलवे कहेगी कि पहले आप अपने साइट को तो सेलेक्ट कर लीजिये। जितना प्लान उसको करना था उसको चतुर्थ पंचवर्षीय योजना के लिये तो उसने उसको फाइनलाइज कर लिया है।

श्री अनिल कुमार सेन---पहले यह हमलोग तय कर लें कि साइट सेलेक्शन में यदि देर हो तो सेन्टर से जो सहायता मिलने को है क्या वह नहीं मिलेगी? और दूसरी चीज है वह यह है इस वक्त की जो परिस्थिति है उसमें हमलोग दूसरा साइट चुन सकते हैं या नहीं?

श्री इन्द्रदीप सिंह---हम इस विचार से ऐग्री नहीं करते हैं कि अगर हम साइट सेलेक्शन के लिये पुनः विचार करेंगे तो सेन्ट्रल गवर्नमेंट हमको सहायता नहीं देगी। अगर वैसा

करेगी तो उसके लिये पब्लिक ओपिनियन है, संविधान है और साथही पार्लियामेंट है। दूसरा पोआएन्ट है कि अगर ऐसा सेन्ट्रल गवर्नमेंट करेगी तो हमलोग उसके लिये फाइट करेंगे। लेकिन जो रियल प्रोब्लेम है वह है टाइम फैक्टर का। अगर दीधा का साइट रिजेक्ट होता है तो उसका टेकनीकली और अल्टरनेटिभली साइट गुलजारबाग है। इसका मॉडल एक्सपेरिमेंट हो चुका है। अमेरिकन कनसलटेन्ट ने भी कहा कि सब्बलपुर को पहला प्रेफरेंस दिया जाय और गुलजारबाग को सेकेन्ड प्रीफरेंस दिया जाय। ऐसी परिस्थिति में गुलजारबाग का साइट अच्छा होगा। जहांतक रेलवे के कॉस्ट का सवाल है वह वही होगा जो सब्बलपुर में होगा। मैं जानना चाहता हूं कि गुलजारबाग साइट का मॉडल एक्सपेरिमेंट हुआ है या नहीं?

श्री एम० एम० बोस--गुलजारबाग साइट का मॉडल एक्सपेरिमेंट रूड़की ने किया है और पूना ने नहीं किया है।

श्री इन्द्रदीप सिंह--गुलजारबाग साइट के बारे में क्या पूना को रिफरेंस किया गया था?

श्री एम० एम० बोस--रूड़की ने जो रिकोमेंडेशन किया था उसीपर पूना का भी ओपिनियन था।

श्री नन्देश्वर प्रसाद--गुलजारबाग साइट के मेरिट्स और डीमेरिट्स के बारे में लिखा गया है। वहां पुल बनता है तो उसकी लम्बाई बढ़ जायगी और उसपर ज्यादा कॉस्ट पड़ेगा।

श्री कृष्ण मोहन प्यारे सिंह--मोकामा में जो पुल बना है उसमें रेलवे ने जो सींगल लाइन बनाया है उसको अब वे महसूस कर रहे हैं कि उनसे गलती हो गयी इसलिये वे अब उसको डबल करना चाहते हैं। अब यह उम्मीद करना कि रेलवे इस पुल में पार्टीसिपेट करेगा, यह भ्रम होगा।

श्री नन्देश्वर प्रसाद--गुलजारबाग में पुल बनेगा तो पटना को प्रोटेक्ट करने के लिये उस पार और इस पार को प्रोटेक्ट करना पड़ेगा। इसलिये इसमें बहुत ज्यादा खर्च पड़ेगा।

श्री कृष्ण मोहन प्यारे सिंह--इसमें यह भी देखना है कि गुलजारबाग पुल बनेगा तो उससे ज्यादा रिटर्न मिलेगा और साथही जो जमीन अर्जित करेंगे उसमें कुछ ज्यादा ही जमीन अर्जित कर लें ताकि बाद में उसको बंदोबस्त करके ज्यादा रिटर्न पा सकते हैं।

श्री नन्देश्वर प्रसाद--डिहरी में सोन पर जो पुल बना है उसमें जमीन अर्जित करने के लिये हमलोगों ने काफी पैसा दिलवाया चूंकि वह पैसा सेन्ट्रल गवर्नमेंट को देना था। फिर भी यहां जमीन अर्जित करने में काफी पैसा लगेगा। इस बात का अनुभव हमलोगों को है।

श्री यमुना प्रसाद सिंह--यदि हमलोग गुलजारबाग साइट को सेलेक्ट करके उसका पूरा डिटेल पूना में भेज दें तो उसका मॉडल एक्सपेरिमेंट में कितना समय लगेगा?

श्री एम० एम० बोस---कोई भी मॉडल एक्सपेरिमेंट बरसात के दिनों में नहीं होता है। पूना को समूचे भारतवर्ष का मॉडल एक्सपेरिमेंट करना पड़ता है। अगर हमलोग उसपर प्रेसर दें तो फिर भी वह जून-जुलाई, १९७० के पहले नहीं देगा।

श्री रजनधारी सिंह---दो बात विचार करने की है। यह कमिटी बनी है तो यह सब्बलपुर साइट को एप्रुव करे या किसी अन्य साइट को एप्रुव करे। अभीतक जो बातें हुईं उससे जाहिर होता है कि दीघा साइट रूल आउट हो गया है। अब हमारे सामने सब्बलपुर साइट और गुलजारबाग साइट है। अब देखना है कि यह कमिटी दूसरा साइट चुनने के लिये कम्पीटेंट है या नहीं।

श्री कृष्ण मोहन प्यारे सिंह---जी हां। कमिटी कम्पीटेंट है।

श्री रजनधारी सिंह---गुलजारबाग और दीघा के बारे में इनभेस्टीगेशन कम्प्लीट नहीं है। अगर उसके बारे में हमलोग कोई डिसीजन लेते हैं तो अब यह देखना है कि उसका भैल्यू क्या होगा?

श्री इन्द्रदीप सिंह---गुलजारबाग साइट का मॉडल एक्सपेरिमेंट रुड़की ने किया है। इसके अलावे अमेरिकन कनसलटेन्ट ने भी इसको रिकोमेन्ड किया है। हमलोग गुलजारबाग साइट को इस शर्त्त पर स्वीकार करें कि पूना भी इसके मॉडल एक्सपेरिमेंट को एप्रूव कर ले।

श्री रजनधारी सिंह---यह तो फाइनल डिसीजन नहीं हुआ।

श्री इन्द्रदीप सिंह---इस समिति के सामने अभी जो मेटेरियल या डाटा है उसके आधार पर हमलोग पूना को गुलजारबाग के साथ-साथ दीघा का भी मॉडल एक्सपेरिमेंट के लिये रिफरेंस करें। दूसरा प्रस्ताव है कि जुलाई के प्रथम सप्ताह में एक डेलिगेशन दिल्ली जाय जिसमें सचिव, लोक-निर्माण विभाग तथा मुख्य अभियंता भी शामिल रहें और हमलोग सेन्ट्रल गवर्नमेंट के पावर और इरीगेशग के मुख्य अभियंता और रेलवे मिनिस्ट्री से बातचीत करें और अपनी रिपोर्ट पेश करें। तबतक के लिये हमलोग गुलजारबाग साइट को एप्रुव करें।

श्री अनिल कुमार सेन---हमलोग इस बात पर आश्वासन चाहते हैं कि किसी तरह के डिले से सेन्टर से मिलनेवाली आर्थिक सहायता में धक्का नहीं पहुंचेगा।

श्री नन्देश्वर प्रसाद---आपलोग चाहते हैं तो डेलिगेशन दिल्ली ले जा सकते हैं। लेकिन वहां साइट के बारे में नहीं कहेंगे। यदि साइट के बारे में कहेंगे तो वे लोग कहेंगे कि इसमें हमलोग क्या करें पहले आपलोग अपना साईट तय कर लें। ऐसी परिस्थिति में मैं भी महसूस करता हूं कि वहां डेलिगेशन जाना जरूरी है। हुगली में केन्द्रीय सरकार ने आउट आफ प्लान सहायता दी है। हमलोग भी इसके लिये प्रेस कर सकते हैं।

श्री अनिल कुमार सेन---पहले हमलोग गुलजारबाग साइट पर चलकर देखें कि वह एरिया सघन है या नहीं, जिससे हमलोग यह तय कर सकें कि भूमि-अर्जन में कोई दिक्कत तो नहीं होगी।

अध्यक्ष——हमलोग साइट पर चल सकते हैं। मैं समझता हूं कि २४ जून १९६९ को ९ बजे सुबह परिषद् सचिवालय से स्टार्ट करें। बोस साहेब, कृपया सदस्यों के लिये यातायात का प्रबन्ध करेंगे।

समिति की बैठक दिनांक २८ जून १९६९ को ९ बजे सुबह तक के लिये स्थगित की जाती है।

राम विलास शर्मा।
२६-६-१९६९।

बिहार विधान-परिषद् द्वारा गठित गंगा पुल समिति के गुलजारबाग स्थल का दिनांक २४ जून १९६९ के निरीक्षण का प्रतिवेदन।

निम्नलिखित सदस्यगण उपस्थित थे :—

अध्यक्ष।

१। श्री राम विलास शर्मा।

सदस्यगण।

२। श्री अनिल कुमार सेन।
३। श्री रजनधारी सिंह।
४। श्री वीर नारायण चन्द।
५। श्री इन्द्रदीप सिंह।
६। श्री कैलाश सिंह।
७। श्री नुरुल्लाह साहब।
८। श्री यमुना प्रसाद सिंह।
९। श्री रमानन्द सिंह।
१०। श्री फजलुर रहमान।
११। श्रीमती प्रभावती गुप्ता।
१२। श्री पूर्णेन्दु नारायण सिन्हा।
१३। श्री कृष्णमोहन प्यारे सिंह।

विशेष आमंत्रित।

१४। श्री शंकर दयाल सिंह (मंत्री)।

सचिवालय।

१। श्री मुनेश्वरी सहाय, सचिव, बिहार विधान-परिषद्, पटना।
२। श्री राजनन्दन ठाकुर, उप-सचिव, बिहार विधान-परिषद्, पटना।

विभाग के अधिकारीगण।

१। श्री एम० एम० बोस, मुख्य अभियंता, लोक-निर्माण विभाग।
२। श्री रामेश्वर प्रसाद सिन्हा, अधीक्षण अभियंता, लोक-निर्माण विभाग।
३। श्री उदय कृष्ण अग्रवाल, कार्यपालक अभियंता, लोक-निर्माण विभाग।
४। श्री एम० आलम, कार्यपालक अभियंता, लोक-निर्माण विभाग।

५। श्री राम यत्न प्रसाद सिंह, अवर प्रमंडल पदाधिकारी, गंगा पुल परियोजना।

६। श्री सत्यनारायण सहाय, अधीक्षण अभियंता, लोक-निर्माण विभाग।

७। श्री ए० रोहतगी, कार्यपालक अभियंता, लोक-निर्माण विभाग।

८। श्री रामेश्वर प्रसाद, सहायक अभियंता, लोक-निर्माण विभाग।

९। श्री एम० ए० अनसारी, अवर-प्रमंडल पदाधिकारी, गंगा पुल परियोजना।

समिति के सदस्यों एवं लोक-निर्माण विभाग के अभियंताओं ने अगमकुआं, त्रिपौलिया, ननमुहियां, कर्नालगंजघाट, केदारनाथमठ घाट तथा इस परियोजना से प्रभावित होनेवाले स्थलों का परिदर्शन एवं निरीक्षण किया।

मुख्य अभियंता, श्री बोस ने विविध मानचित्रों तथा अन्य रेकर्ड के सहारे प्रस्तावित गंगा पुल के गुलजारबाग में बनने के सम्बन्ध में कतिपय तकनीकी एवं निवेशन की अन्य समस्याओं तथा उससे प्राप्त होनेवाले लाभों से समिति के सदस्यों को अवगत कराया। उन्होंने प्रस्तावित गंगापुल के सब्बलपुर स्थल से गुलजारबाग स्थल को अधिक उपयोगी बतलाया, क्योंकि गुलजारबाग में गंगा पर पुल बनने से पटना नगर के विकास में समुचित भूमि एवं अन्य सुविधायें आसानी से उपलब्ध हो सकेंगी। गुलजारबाग, पटना नगर के मध्य में स्थित है तथा इसके समीप काफी परती जमीन उपलब्ध है।

प्रस्तावित गंगा पुल (गुलजारबाग) को अगमकुआं के समीप पहाड़ी ग्राम से गुजरनेवाली पटना बाई पास रोड के सेकेन्ड फेज से जोड़ दिया जायगा, जो पहाड़ी ग्राम से चितकोहरा तक जाती है। इस रोड का निर्माण अभी हो रहा है। पुल निर्माण के लिए आवश्यक निर्माण सामग्रियों एवं विविध भारी यंत्रों को निर्माण स्थल पर पहुंचाने में परिवहन की विशेष व्यवस्था करनी पड़ेगी। पुल के निर्माण स्थल से नजदीक गुलजारबाग स्टेशन पड़ता है, किन्तु इस स्थान पर अभी जो सड़कें हैं, उसपर आवागमन का अभी भी काफी दबाव पड़ रहा है, इसलिए पुल निर्माण के लिए सामग्रियों को पहुंचाने में इन सड़कों का उपयोग नहीं किया जा सकता है। इस समस्या को दृष्टि में रखते हुए मुख्य अभियंता ने राजेन्द्रनगर स्टेशन को चुना है। लेकिन राजेन्द्रनगर स्टेशन का दक्षिणी प्लेटफार्म माल उतारने-चढ़ाने में काफी व्यस्त रहता है। इसलिए उन्होंने इसके उत्तर की ओर एक दूसरा प्लेटफार्म बनाने का सुझाव दिया, जिसके द्वारा पुल-निर्माण सामग्रियों को निर्माण स्थल तक ले जाने में सुविधा होगी। इसके लिए राजेन्द्रनगर से जो नाला अगमकुआं नाले में मिलता है, उसके किनारे-किनारे एक नये रोड के निर्माण का भी सुझाव दिया। उन्होंने आगे बताया कि सम्भव है कि इस परियोजना के कारण राजेन्द्रनगर में जलप्लावन की स्थिति आ जाय, इससे बचने के लिये यह आवश्यक है कि पहाड़ी ग्राम स्थित पम्पिग स्टेशन को अगमकुआं नाले के उत्तरी छोर पर लगा दिया जाय, जिसके द्वारा आवश्यकता पड़ने पर पानी की निकासी गंगा नदी में की जा सके। पहाड़ी ग्राम के समीप पटना बाई पास रोड पर अभी जो पम्प लगा हुआ है, उससे किसी भी उद्देश्य की पूर्त्ति नहीं हो रही है।

उन्होंने आगे बतलाया कि दुनियां में अपने ढंग का यह सबसे बड़ा पुल होगा, जिसकी लम्बाई लगभग साढ़े चार मील होगी और यह पुल गुलजारबाग को हाजीपुर (कोनहराघाट) से जोड़ेगा। चूंकि यह पुल पटना नगर के मध्य में स्थित होगी, इसलिए पटना नगर के विकास में इससे समुचित सहायता मिल सकेगी, क्योंकि इस स्थान पर काफी परती जमीन है। इस पुल के बनाने में भी भू-अर्जन की समस्या बहुत कम आएगी, क्योंकि इस क्षेत्र में विशेषकर परती जमीन तथा कच्चे मकान पड़ते हैं, पक्के और बड़े मकानों की संख्या बहुत कम है। इस बात को ध्यान में रखते हुए यह स्थल अधिक सुविधाजनक भी है, क्योंकि यहां पर भू-अर्जन

के लिये कम खर्च करना पड़ेगा। इसके अतिरिक्त यहांपर काफी सरकारी जमीन भी योंही बेकार पड़ी हुई है। मुख्य अभियंता ने आगे बताया कि गुलजारबाग प्रेस से लेकर केदारनाथ मठ तक अशोकराज पथ से लेकर गंगा नदी के किनारे-किनारे तक की जमीनों का भू-अर्जन करना पड़ेगा। पुल निर्माण के लिए ऐसे तो एक सौ एकड़ जमीन अपेक्षित है, किन्तु कम-से-कम पच्चीस एकड़ जमीन से भी काम चलाया जा सकता है। इस प्रकार इस क्षेत्र में भू-अर्जन की समस्या का समाधान आसानी से किया जा सकता है इस क्षेत्र में आबादी भी बहुत कम है। उन्होंने आगे बताया कि अधिक मकान रहने पर भू-अर्जन की समस्या बहुत ही जटिल हो जाती है, क्योंकि मकान मालिक सर्वोच्च न्यायालय तक अपील करते हैं, जिसमें काफी समय लग जाता है। प्रस्तावित पुल के स्थल पर अनेक गोदामों का निर्माण करना पड़ेगा तथा काफी खाली जमीन सामान रखने के लिए आवश्यक है।

मुख्य अभियंता ने आगे बतलाया कि गुलजारबाग में पुल बनाने से पटना शहर की बढ़ती हुई आबादी के निवेशन की समस्या का समाधान भी किया जा सकता है, क्योंकि इस स्थल पर काफी परती जमीन उपलब्ध है और पुल बन जाने पर उत्तरी बिहार में भी पुल के उत्तरी छोर पर आबादी बढ़ जायगी। इस पुल के बनने से पटना नगर तथा उत्तरी बिहार और इस राज्य को काफी लाभ होगा। इस परियोजना पर लगभग साढ़े अठाइस करोड़ रुपये व्यय होने का अनुमान है।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार समिति के सदस्यों ने ९ बजे पूर्वाह्न में परिषद् से निरीक्षण के लिये प्रस्थान किया और प्रस्तावित पुल-निर्माण स्थल तथा उससे प्रभावित होनेवाले क्षेत्रों का मिरीक्षण किया। समिति के सदस्यों ने बड़े धैर्य के साथ मुख्य अभियंता की बातों को सुना और उनके साथ अपनी सहमति व्यक्त की। अन्त में, समिति इस निष्कर्ष पर पहुंची की प्रस्तावित गंगा पुल के चार निर्माण-स्थलों में गुलजारबाग में ही पुल बनाना सभी दृष्टियों से लाभकर है, इसलिए समिति ने गुलजारबाग में पुल बनाने की अनुशंसा की। समिति ने गुलजारबाग में पुल बनाने के संबंध में एक विस्तृत टिप्पणी, सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए, तैयार करने के लिए मुख्य अभियंता से अनुरोध किया, जिसपर समिति की अगली बैठक (यानी दिनांक २८ जून १९६९) में विचार किया जायगा।

समिति ने मुख्य अभियंता एवं परिषद् के अधिकारियों के प्रति हार्दिक आभार प्रकट किया, जिन्होंने प्रस्तावित पुल-निर्माण स्थल (गुलजारबाग) के निरीक्षण में समुचित सहायता प्रदान की।

समिति की अगली बैठक दिनांक २८ जून १९६९ को होगी।

राम बिलास शर्मा।
२८-६-१९६९।

गंगा पुल समिति के दिनांक २८ जून १९६९ की बैठक की कार्यवाही।

(स्थान—परिषद् का समिति-गृह)।

अध्यक्ष।

१। श्री राम विलास शर्मा।

सदस्यगण।

२। श्री अनिल कुमार सेन।
३। श्री रजनधारी सिंह।
४। श्री वीर नारायण चन्द।
५। श्री इन्द्रदीप सिंह।
६। श्री कैलाश सिंह।
७। श्री नुरुल्लाह साहब।
८। श्री यमुना प्रसाद सिंह।
९। श्री रावणेश्वर मिश्र।
१०। श्री रमानन्द सिंह।
११। श्रीमती प्रभावती गुप्ता।
१२। श्री इन्द्र कुमार।
१३। श्री पूर्णेन्दु नारायण सिन्हा।
१४। श्री कृष्ण मोहन प्यारे सिंह।

विशेष आमंत्रित।

१। श्री शंकर दयाल सिंह, मंत्री।

सचिवालय।

१। श्री मुनेश्वरी सहाय, सचिव, बिहार विधान-परिषद्।
२। श्री राजनन्दन ठाकुर, उप-सचिव, बिहार विधान-परिषद्।

विभाग के पदाधिकारीगण।

१। श्री एम० एम० बोस, मुख्य अभियंता, लोक-निर्माण विभाग।
२। श्री बी० एन० सिंह, विकासायुक्त, बिहार।
३। श्री नन्देश्वर प्रसाद, सचिव, लोक-निर्माण विभाग।
४। श्री रामेश्वर प्रसाद सिन्हा, अधीक्षण अभियंता, लोक-निर्माण विभाग।
५। श्री एम० आलम, कार्यपालक अभियंता, लोक-निर्माण विभाग।
६। श्री उदय कृष्ण अग्रवाल, कार्यपालक अभियंता, गंगा पुल, परियोजना।
७। श्री बीरेन्द्र प्रसाद, अधीक्षण अभियंता के निजी सहायक, गंगापुल परियोजना।
८। श्री शिव मोहन प्रसाद, कार्यपालक अभियंता, गंगा पुल परियोजना।
९। श्री ए० रोहतगी, कार्यपालक अभियंता, गंगा पुल परियोजना।

श्री ब्रजनन्दन सिंह (विकासायुक्त)--मुझे दिल्ली के अधिकारियों से बातचीत हुई है, वे लोग भी पुल के संबंध में फाइनेंस करना चाहते हैं। आपलोग भी राजनीतिक स्तर से इस काम को आसानी से कर सकते हैं। जहांतक रोड-कम-रेल का प्रश्न है इस संबंध में आपलोगों को जानकारी है कि राज्य सरकार में अभीतक केवल रोड के संबंध में हीं इतनी दूर तक बातें हुई हैं। जब रेल का सवाल आयगा तो वह नई प्रोजेक्ट हो जायगी। उसके लिये नये सिरे से स्कीम बनाना होगा। फोर्थ प्लान के अन्दर एक दृढ़ निश्चय हो जाय कि पुल कहां पर बनाया जाय। इसी उद्देश्य से हमलोग यहां जुटे हैं। जब हमलोग सड़क के संबंध में दृढ़ निश्चय कर लेंगे तो फिर राज्य सरकार रेलवे से अनुरोध कर सकती है। रेल-कम-रोड बनने से करीब २० करोड़ का और खर्च का अनुमान किया जाता है। २० करोड़ रुपया को फोर्थ प्लान में घुसाना आसान काम नहीं है। सब स्टेट को तो रुपया एलौटेड है, कोई नहीं चाहेगा कि अपना प्लान बन्द करके दूसरे स्टेट की योजना के लिये दें। एकाध करोड़ की बात रहती तो इधर-उधर किया जा सकता था।

श्री अनिल कुमार सेन--क्या बोस साहब बता सकते हैं कि सब्बलपुर से गुलजारबाग में लगभग कितना खर्च पड़ेगा ?

श्री एम० एम० बोस (मुख्य अभियंता)--लगभग तीन करोड़।

श्री इन्द्र कुमार--हमें फोर्थ प्लान में पुल चाहिये। यदि गुलजारबाग में पुल बनता है तो बहुत खुशी की बात है। लेकिन यदि किसी कारणवश गुलजारबाग में पुल बनने का निर्णय नहीं हो तो पुल बने ही नहीं यह हम नहीं चाहते हैं। हम चाहते हैं पुल कहीं बने।

जो भावनायें विधान-सभा में व्यक्त की गयी है कि हर जिला में १०० मील का पीच रोड बने। पीच रोड में कितना खर्च पड़ेगा।

मुख्य अभियंता--डेढ़ लाख रुपया प्रति मील साउथ बिहार में पुल को छोड़कर और २ लाख प्रति मील नार्थ बिहार में ब्रीज को छोड़कर।

श्री इन्द्र कुमार--मेरा विचार है कि अगर पुल नहीं बने प्रत्येक जिला में पक्का सड़क बना दिया जाय।

श्री इन्द्रदीप सिंह--यह इररिलेभेंट इशु है। केन्द्रीय सरकार पुल बनाने के लिये रुपया देगी, गांव में सड़क बनाने के लिये रुपया नहीं देगी। वह फन्ड पुल के लिये इयरमार्क है। वर्ल्ड बैंक लोन करेगी गंगा पर पुल बनाने के लिये, वह भिलेज रोड के लिये रुपया नहीं देगी।

श्री यमुना प्रसाद सिंह--गंगा पर पुल बनाने का सवाल है, रोड बनाने का सवाल नहीं है।

श्री कृष्ण मोहन प्यारे सिंह--इस तरह के वाद-विवाद से हमलोग किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकेंगे। पुल के संबंध में कैबिनेट से पास हुआ था कि सब्बलपुर में बने। कौंसिल

में इसके खिलाफ सवाल उठा और यह निष्कर्ष निकला कि इसके लिये एक कमिटी बने जो साईट देखकर तय करे। कमिटी का तीन सीटिंग हुआ और यह निष्कर्ष निकला कि पुल गुलजारबाग में बने। गुलजारबाग साईट पर देखा है कि कुछ परती जमीन है, कुछ आबाद जमीन है, कुछ स्लम एरिया है, कुछ पक्का मकान है, ज्यादा कच्चा मकान है। मेरा अपना सुझाव है कि विभाग से आग्रह करें कि वह गुलजारबाग साईट के लिये कुछ रिभाईज करे। यह तो स्वाभाविक है कि जहां कहीं गवर्नमेंट जमीन एक्वायर करना चाहती है वहां जमीन का दाम बढ़ जाता है। गंगा पुल के लिये कम-से-कम जितनी जमीन हो इस पार और उस पार भी ले लिया जाय। उस पार जमीन आसानी से मिल जायगी। जहांतक रेलवालों को शामिल करने का सवाल है, आगे चलकर रेलवाले भी इसमें शरीक हो जायेंगे।

श्री राम विलास शर्मा––जहांतक ओपिनियन की बात है, सभी का ओपिनियन यही है कि पुल गुलजारबाग में बने। रुड़की और पूना का एक्सपर्ट ओपिनियन भी गुलजारबाग के खिलाफ नहीं है। अबतक हमलोग सब्बलपुर पर ध्यान दिये हुए थे।

श्री इन्द्र कुमार––फोर्थ प्लान में हमको पुल चाहिये। बिहार सरकार को हम परसू करें कि पुल गुलजारबाग में बने। इसमें कॉस्ट तीन करोड़ ज्यादा लगेगा। लेकिन अगर किसी तरह यह बात नहीं होगी तो फिर क्या होगा, पुल फोर्थ प्लान में बनेगा या नहीं?

श्री कृष्ण मोहन प्यारे सिंह––आप इस लाइन पर क्यों सोचते हैं, जब सब कुछ तय हो गया है।

श्री राम विलास शर्मा––यह तो बोस साहब बता सकते हैं कि क्या दिक्कत हो सकती है। हम फाइनेंस डिपार्टमेंट से बात कर सकते हैं क्योंकि वहां हमारे आदमी हैं। इसमें हमलोगों को कठिनाई नहीं होगी।

श्री पूर्णेन्दु नारायण सिन्हा––हमलोग मुख्य अभियंता की राय ले लें और तब विचार करें।

मुख्य अभियंता––जब हमलोगों के सामने वित्त की समस्या नहीं है तो यह पुल आसानी से बन सकता है। जहांतक गुलजारबाग में पुल बनाने का संबंध है, इस संबंध में मेरा अनुरोध है कि भौलुम १ के पेज १९ से २१ तक तथा अनेक्शर २ के पेज १ से २ तक देखा जाय। हमलोग पहले भी गुलजारबाग में पुल बनाने के बारे में बातचीत कर चुके हैं और यहां भी हमलोग बातचीत कर रहे हैं। पुल पटना के आस-पास कहीं भी बन सकता है। इंजीनियर्स पुल को कहीं भी बना सकते हैं। लेकिन इंजीनियरिंग के साथ-साथ एकोनोमिक्स संबंधी बातों पर भी विचार करना चाहिये। साइट के सभी पिक्चरों को प्रशासन के सामने, विधायक के सामने निर्णय के लिये रख देंगे। जहांतक सब्बलपुर और गुलजारबाग का पुल बनाने का प्रश्न है रुड़की तथा पूना रिसर्च स्टेशन में सब्बलपुर के लिये पहली अनुशंसा दी गई है और गुलजारबाग को दूसरा स्थान दिया गया है। गुलजारबाग के सामने गंडक का संगम है, इसलिये दूसरा स्थान दिया गया था। १५ वर्ष पहले गंडक की धारा बदली थी। कोई नहीं कह सकता है कि गंडक फिर उसी स्थान से बहने लगे। हमारा विचार है कि पटना में ही पुल बने। जहांतक सब्बलपुर तथा गुलजारबाग में भूमि-अर्जन का सम्बन्ध है। सबलपुर में भूमि-अर्जन में उतनी दिक्कत नहीं होगी जितनी दिक्कत गुलजारबाग में है। गुलजारबाग में लगभग २० पक्का मकान है, ९३ कच्चे मकान हैं तथा ११३ मिले-जुले मकान हैं।

जहांतक भू-अर्जन का सवाल है, यहां भी आसानी से निपटा जा सकता है, और यहां भी कोई दिक्कत नहीं होगी। जहांतक रेल ब्रिज का सवाल है, वह भी यहां बन सकता है। हमलोग आशा करते हैं कि पीछे चलकर रेलवे के लोग भी वहां ज्वायन कर सकते हैं। हर दृष्टिकोण से गुलजारबाग में पुल बन सकता है। यदि अभी रेलवे साथ देगी तो खर्च कम हो सकेगा। लेकिन रेलवे तो एक व्यावसायिक संस्था है और वह तो इस पहलू पर सोच कर ही इसमें साथ देगी। आप राजनीतिक आदमी हैं, आप एप्रोच कर सकते हैं। लेकिन मुझे पहले कह देना है कि भूमि-अर्जन का काम दोनों पार पहले हो जाना चाहिये। यदि टेन्डर इनभाइट करेंगे और टेन्डर का सामान गिराने में बाधा होगी तो सरकार को उसका हरजाना देना पड़ेगा। मानलिया जाय कि हाजीपुर साइट में सामान गिराना है तो इसके लिये पहले ही से भूमि-अर्जन आदि के काम से निपट जाना पड़ेगा। मानलिया जाय कि हिन्दुस्तान ठीकेदार को काम मिले इसका ३-४ लाख का साज-सरजाम है और यदि सामान साइट पर नहीं गिरने दिया जायेगा भू-अर्जन के कारण तो उसे सरकार को हरजाना देना पड़ेगा। तो मेरा कहना है कि काम शुरू होने के पहले ही भू-अर्जन का काम समाप्त हो जाना चाहिये। हमलोगों ने गौहाटी में पुल बनाया है, जो गौहाटी शहर से १० मील की दूरी पर है। मैं आशा करता हूं कि यदि आपलोगों का सहयोग रहेगा तो हमें कोई दिक्कत नहीं उठानी पड़ेगी।

विकास आयुक्त--मैं श्री बोस की बातों को सुन चुका हूं, प्रश्न है कि गुलजारबाग और सब्बलपुर में पुल बनने की। प्राइमा फेसी देखने से पता चलता है कि गुलजारबाग का दूसरा स्थान है। यदि सब्बलपुर के बदले में गुलजारबाग पुल बनाया जाता है तो उसके लिए तकनिकी तथा प्रशासनिक दोनों दृष्टि से देखना पड़ेगा। इसके अलावे वित्त तथा भू-अर्जन पर भी विचार करना होगा। चौथी योजना में इसे बनाना है। वित्त की आवश्यकता होगी। विकास आयुक्त की हैसियत से मैं विश्वास दिलाता हूं कि इसके लिए वित्त मिल जायेगा। रिसोरसेज पर भी विचार करना होगा। जहांतक रेल ब्रीज का सवाल है वह बाद में भी विचार किया जा सकता है। हमलोगों की स्वीकृति अभी पुल के लिये मिली है। अभी हमें सिर्फ पुल पर ही विचार करना है। बाद में यदि रेल वाले साथ देंगे तो ठीक ही है। जहांतक भू-अर्जन का सवाल है मेरे ख्याल से गुलजारबाग में भी भू-अर्जन करने में दिक्कत नहीं होगी। सरकार ने भू-अर्जन का कार्य तेनुघाट, बोकारो आदि स्थानों में किया है कहीं भी इस तरह की रुकावट या खून-खराबी नहीं होगी। जब किसी को जगह के बदले जगह, घर के बदले घर तथा कुछ और मिल जायेगा। इसके अलावे बिजली, पाईप आदि की सुविधा मिलेगी तो कोई भी वहां जाकर रहने से इनकार नहीं करेगा। इसी तरह से काम किया जायेगा। तो भू-अर्जन में कोई दिक्कत नहीं होगी। हम तो हर तरह से मदद करेंगे ही। हमारे बोस भी मदद करेंगे ही, इसके अलावे आपलोगों की मदद हमलोगों को मिलेगी ही।

श्री कृष्ण मोहन प्यारे सिंह--हमलोग समझ रहे थे कि लैन्ड एक्वीजीशन के बारे में दिक्कत होती लेकिन जैसा हमारे विकासायुक्त ने बतलाया है कि लैन्ड एक्वीजीशन के बाद रिहैबीलीटेट करने में कोई कठिनाई नहीं हुई। यह बात ठीक है कि यदि उनको उसी तरह की सुविधा मिल जायगी तो उनको वहां बसने में कोई दिक्कत नहीं होगी। गुलजारबाग में तो थोड़ा पक्का मकान है, कुछ कच्चा मकान है, कुछ स्लम एरिया है। इसमें तो उतनी दिक्कत नहीं होनी चाहिये।

विकासायुक्त—बोकारो में १८-१६ भिलेज को हमलोगों ने हटाया, जिस गांव को हटाया उसके बदले में लैन्ड के बदले में लैन्ड दिया गया, घर की जगह घर दिया गया। इसके अलावा उनलोगों को कुछ और दिया गया। इसके अतिरिक्त वहां रोड, बिजली, पाईप आदि की सुविधा दी गयी। लोग खुशी से सिफ्ट कर गये। इसमें न कोई ब्लडशेड हुआ और न कोई औब्सट्रक्शन हुआ। इसी तरह की सुविधा देकर कोशी तथा तेनुघाट में भी रिहैबिलीटेट किया गया है। गांव के नाम को बदल कर नया कर दिया गया जैसे सोनल का "नया सोनल"।

श्री इन्द्रदीप सिंह—मुझे याद है कि कनफरेन्स रूम में कहा गया था कि दीघा और गुलजारबाग का मॉडल एक्सपेरीमेंट नहीं किया गया था। साईट नं० २ का मॉडल एक्सपेरीमेंट मेरे ख्याल से अननेसेसरी और अनवाईज था। अगर कस्मर स्टैन्ड करता है तो साईट नं० १ के बारे में भी कुछ फिजीबिलीटी है। जहां तक गुलजारबाग और सब्बलपुर का सवाल है टेकनिकल प्वायन्ट ऑफ भीउ से कोई डिफिकल्टी प्वायन्ट आउट नहीं किया गया है एक्सेप्ट कि गंडक का संगम है। इसके लिये मॉडल ब्रीज का लेंग्थ डिजाईन करना जरूरी है। अभी जो डाटा इस कमिटी के सामने है उसमें गुलजारबाग साईट को फाइनालाईज कर लेना चाहिये। लैन्ड एक्वीजीशन का प्रोबलम एकोनोमिक प्रोबलम है और राजनीतिक समस्या भी है। जब मैं रेवेन्यु मिनिस्टर था तो एक लाख के ऊपर का इस्टीमेट मंत्री के सैन्कशन से ही फाईनल होता है और एक लाख से कम का सैन्कशन अफसर लोग करते हैं तो फाइल मेरे यहां आती थी। इसलिये मेरा खास अनुभव इस विभाग का है। पहले जो जमीन एक्वायर होती थी उसमें गवर्नमेंट का एटीच्यूट एक्सट्रीमली अनसिमपैथेटिक होता था। आपको सुनकर यह ताज्जुब होगा कि हटिया में जो जमीन एक्वायर हुआ उसमें ३६ लाख रुपया जिनका जमीन था उन्हें देना था लेकिन वह रुपया आपके अफसर लोग खा गये। लैन्ड का इन्ट्री ननएक्जिस्टेंट परसन के नाम पर हो गया। नतीजा हुआ कि कोई रुपया लेने नहीं आया और रुपया ट्रेजरी में जमा हो गया। फिर स्टाफ ने गलत आदमी को ठीक करके रुपया ड्रा करवा लिया जब इन्क्वायरी शुरू की गयी तो हंगामा हो गया। भैल्यु फौर भैल्यु प्लस समथींग एल्स दीजिये तो लैन्ड एक्वीजीशन में कोई दिक्कत नहीं होगी। मैंने लैन्ड एक्वीजीशन का केस कैन्सिल किया है। ११२ रु० एकड़ जमीन एक्वायर किया गया और १२ साल तक एक पैसा भी नहीं दिया गया कुछ इन्डस्ट्रीयलिस्ट को खुश करने के लिये। मैं यह कहता हूं कि यह जो अनसिमपैथेटिक एटीच्युड है सरकार का तो दिक्कत होती ही। अशोक मेहता जब आये थे तो उनसे मैंने कहा था कि आप क्या पसन्द कीजियेगा। बरौनी थरमल पावर में लैन्ड एक्वीजीशन के केस में जमीन का दाम तय करने में अफसर का रिकोमेन्डेशन था कीमत कम देने का जिसमें २७ लाख रुपया बचता था उसमें हमने कहा कि अगर आप अनसिमपैथिटिकली कीजियेगा तो आपको सचमुच जमीन कब्जा करने में कितना समय लगेगा। कहा गया कि एटेजीशन होगा, कोर्ट में केस होगा तो साल, दो वर्ष लग जायेंगे। हमने दाम अधिक कर देने के लिये कहा। इस तरह ५२ लाख रुपया देना पड़ा। लेकिन काम जल्दी हो गया। तो आप डिस्पीयुट कीजियेगा या अपना काम आसानी से निकालियेगा। एजीटेशन होने पर समय ज्यादा बीतता तो ८४ लाख रुपया मशीनों का डिमरेज और दूसरे खर्च में देना पड़ता तो जैसे हाउस के बदले हाउस, लैन्ड के बदले लैन्ड, अगर आप यह एस्योर कर दें और सभी पोलिटिकल पार्टिज इस पर एकमत हो जाय और कोई उकसायें नहीं इस बेसिस पर तय करें तो हो सकता है।

श्री इन्द्रकुमार—यहां पर कोई जनसंघ के प्रतिनिधि नहीं हैं।

श्री इन्द्रदीप सिंह—यह किसी पार्टी के लीडर की बात नहीं है, यह तो साधारण आदमी की बात है। हमें फुल कनफिडेन्स है कि अगर आम आदमी को जाकर पूरी बात समझा देंगे तो लैन्ड एक्वीजीशन का प्रोबलम हल हो जायगा। बोस साहब को और दूसरे लोगों को लैन्ड एक्वीजीशन की चिन्ता है लेकिन हम आसानी से कर लेंगे। हमें शक है कि अभी हमलोग तय करें कि गुलजारबाग में बनायेंगे तब भी सेन्टर फिर अपना एक्सपर्ट भेज देगा।

श्री इन्द्र कुमार—विकासायुक्त की बात सुनने के बाद कुछ नहीं सुनेंगे।

श्री इन्द्रदीप सिंह—अगर डिफिकल्टी नहीं हो तो गुलजारबाग को तय करें और सरकार को कहें कि वह गवर्नमेंट ऑफ इन्डिया को फौरमल रिक्वेस्ट दे दे। इस कमिटी को फोरम की तरह रहने दें। और गवर्नमेंट ऑफ इंडिया के आदमी से मिलकर हमलोग उन्हें परसुयेड करें कि हमारी बात मान लें।

श्री यमुना प्रसाद सिंह—आपको एक दिक्कत है कि बहुत सी जमीन परती है। नीची है पहले आपने कहा कि नीची जमीन को मिट्टी से भरवा दें और तब लें। दूसरे साल बरसात के बाद पानी गिरने से जमीन ठीक हो जायगी। चैम्बर ऑफ कॉमर्श में श्री आर०एस० पाण्डे ने कहा कि गुलजारबाग का साईट पुल के लिये बढ़िया है।

विकासायुक्त—एक ड्राफ्ट रिपोर्ट बनाईये उसमें हमलोग केवल सेक्रेटेरियल असिस्टेन्स ही आपको दे सकते हैं। हमलोग अपना फ्रीडम फौर कमेन्ट्स रिटेन करेंगे। जब सरकार इन्क्वायरी करने लगेगी तब के लिये यह फ्रीडम रिटेन करेंगे।

श्री इन्द्रदीप सिंह—सोमवार को हमलोग ४ या ५ बजे मिलें और अपनी रिपोर्ट को फाइनालाइज करें और तब हम दूसरा सजेशन देंगे कि जो मेम्बर पटने में रहते हैं उनकी एक ड्राफ्ट कमिटी बने और ड्राफ्ट को वे लोग तय करके रक्खें और तब मंगलवार को फाईनल करें।

श्री राम विलास शर्मा—हमलोग १० बजे यहां आ जायं और तय करें।

विकासायुक्त—जब आपको सब फैक्चुयल मेटेरियल मिल ही जायगा डिफरेन्ट साईट का तो फिर दो-चार पेज में आप ड्राफ्ट तैयार कर लीजियेगा। बोस साहब भी आपके साथ उस समय रहेंगे।

सभी पहलुओं पर विचार कर समिति ने यह निर्णय लिया कि इसके लिये निम्नलिखित सदस्यों की एक समिति हो जो ड्राफ्ट रिपोर्ट तैयार करे :—

(१) श्री राम विलास शर्मा, चेयरमैन।

(२) श्री इन्द्रदीप सिंह।

(३) श्री इन्द्र कुमार।

(४) श्री यमुना प्रसाद सिंह।

(५) श्रीमती प्रभावती गुप्ता।

(६) श्री पूर्णेन्दु नारायण सिन्हा।

यह कमिटी एक प्रोभिजनल ड्राफ्ट तैयार करेगी और उस ड्राफ्ट को मंगलवार, १ जुलाई, १९६९ को ११ बजे पूर्वाह्न में कौन्सिल के कमिटी रूम में रखेगी।

(समिति की कार्यवाही रविवार, दिनांक २९ जून १९६९ को ९ बजे पूर्वाह्न के लिये स्थगित हुई।)

DRAFTING COMMITTEE OF THE REPORT REGARDING GANGA BRIDGE.

COMMITTEE ROOM OF THE BIHAR LEGISLATIVE COUNCIL ON THE 29th JUNE, 1969 AT 9 A. M.

PRESENT :

Chairman.

1. Shri Ram Bilas Sharma.

Members.

2. Shri Indra Deep Singh.
3. Shri Jamuna Prasad Singh.
4. Shri Kailash Singh.
5. Shri Purnendu Narain Sinha.

Bihar Legislative Council.

1. Shri M. Sahay, Secretary.
2. Shri R. N. Thacore, Deputy Secretary.

P. W. D.

1. Shri M. M. Bose, Chief Engineer.
2. Shri Rameshwar Prasad Sinha, Superintending Engineer.

सदस्यगण परिषद् के समिति गृह में एकत्रित हुए। प्रतिवेदन का प्रारूप तैयार किया गया। तत्पश्चात् समिति की बैठक १ जुलाई १९६९ को ११ बजे दिन के लिये स्थगित हुई।

बिहार विधान परिषद् द्वारा गठित गंगा पुल समिति की उपस्थिति सूची।

१ जुलाई १९६९, ११बजे पूर्वाह्न।

(१) श्री राम विलास शर्मा, स० वि० प०---अध्यक्ष।

सदस्यगण।

(२) श्री अनिल कुमार सेन, स० वि० प०।
(३) श्री रजनधारी सिंह, स०वि०प०।
(४) श्री वीर नारायण चन्द, स०वि०प०।
(५) श्री इन्द्रदीप सिंह, स०वि०प०।
(६) श्री कैलाश सिंह, स०वि०प०।
(७) श्री नुरुल्लाह साहब, स०वि०प०।
(८) श्री यमुना प्रसाद सिंह, स०वि०प०।
(९) श्री रावणेश्वर मिश्र, स०वि०प०।
(१०) श्री फजलुर रहमान, स०वि०प०।
(११) श्री रमानन्द सिंह, स०वि०प०।
(१२) श्रीमती प्रभावती गुप्ता, स०वि०प०।
(१३) श्री इन्द्र कुमार, स०वि०प०।
(१४) श्री पूर्णेन्दु नारायण सिन्हा, स०वि०प०।
(१५) श्री कृष्ण मोहन प्यारे सिंह, स०वि०प०।

सचिवालय।

(१) श्री मुनेश्वरी सहाय, सचिव, बिहार विधान परिषद्।
(२) श्री राज नन्दन ठाकुर, उप-सचिव।

सदस्यगण परिषद् के समिति गृह में एकत्रित हुए तथा उन्होंने प्रतिवेदन पर अंतिम रूप से हस्ताक्षर कर प्रतिवेदन को कार्यकारी सभापति को समर्पित किया।

सत्यमेव जयते

EXTRACTS FROM THE PROCEEDINGS OF THE HOUSE.

सदन की कार्यवाही से उद्धरण

सत्यमेव जयते

४२वां सत्र।

दिनांक ३० मई १९६९ की कार्यवाही का उद्धरण।

गैर-सरकारी संकल्प।

(इस अवसर पर अध्यासीन सदस्य श्री अनिल कुमार सेन ने आसन ग्रहण किया।)

श्री कैलाश सिंह--अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि--"यह बिहार विधान परिषद् राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि वह गंगा पर पुल पटने के सामने महेन्द्रूघाट से पश्चिम किसी उपयुक्त स्थान पर बनावे और सोनपुर रेलवे जंक्शन से उसे सम्बद्ध करे।"

अध्यक्षजी, यह जो प्रस्ताव मैंने सदन के सामने उपस्थित किया है उसका कारण यह है कि सरकार ने कुछ समय पूर्व यह निर्णय लिया कि गंगा पर पुल बने लेकिन यह पटना के सामने नहीं बल्कि पटना से पूर्व सबलपुर दिवारा में बने। यह बात भी सुनने में आयी है कि यह पुल लगभग ६ मील का होगा। दो पुल बनेगा एक गंगा पर और दूसरा गंडक पर। इन दोनों के बीच की जो सूखी जमीन है वह बालू से भरी है। यह बात मानी हुई है कि बालू की जमीन टिकाऊ नहीं होती है। इन दोनों पुल के बीच की जो सड़क होगी उसको गंडक और गंगा की तेज धारा कब तक टिकी रहने देगी। पूना के विशेषज्ञ के द्वारा मिट्टी की जांच करायी गयी, फिर अमेरिकन कन्सल्टेन्ट से भी मिट्टी की जांच करायी गयी और सबलपुर की मिट्टी ठीक पायी गयी और पटना के सामने यानी दीघा की मिट्टी ठीक नहीं पायी गयी। मेरा अपना विचार है कि मिट्टी टेस्ट करने की जो बात है वह एक भूलभुलैया है, गलत है। पूना के द्वारा जो मिट्टी की जांच हुई वह सचमुच में यहीं की मिट्टी थी या किसी दूसरी जगह की मिट्टी थी। इसमें राजनीतिक विचार से काम किया गया है, ऐसा मैं समझता हूं। अमेरिकन कन्सल्टेन्ट जो आया उसने खाने-पीने के बाद वही बात कही जो मालिक ने कही। उसने फीजीकल भेरीफिकेशन नहीं किया बल्कि अपने मास्टर की स्वीकृति पर मोहर लगायी कि सबलपुर दियारा की मिट्टी ठीक है। ज्योलौजिकल सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा भी यह काम किया जाता है। हमारे एक्सपर्ट लोग यह कहते हैं कि पटना के किसी घाट के नीचे विस्फोटक पदार्थ है यदि यहां पर पुल बनेगा तो वह किसी भी समय उड़ सकता है। एक्सपर्ट के नाम पर किसी को तुरत कर देना या डरा देना अनुचित बात है। पटना के निवासी एक लम्बे अर्से से पटना में पुल बनाने की मांग कर रहे हैं। पटना बिहार राज्य की राजधानी है और यहां रेलवे जंक्शन भी है, जहां पर समस्त भारतवर्ष के यात्री उतरते हैं। इसके सामने सोनपुर जंक्शन पड़ता है, जो एक रेलवे जंक्शन और मेले के लिए सारे भारत में विख्यात है और ट्राफिक के ख्याल से वह अपना एक विशेष महत्व रखता है। यदि पटना में पुल बनेगा तो ये दोनों जंक्शन आपस में जुड़ जायेंगे। पटना के घाटों की मिट्टी की जांच भी हुई है और वह पुल बनाने के लिए फिजिबुल भी है। लेकिन हमें यह कहा जाता है कि महेन्द्रूघाट या दीघा में पुल बनाने के योग्य मिट्टी नहीं है और यह स्थान भयावह तथा खतरे से खाली नहीं है। मैं सरकार से यह मांग करता हूं कि वह पटना और सबलपुर दोनों स्थानों की मिट्टी की जांच रिपोर्ट को जनता के सामने रखे। जिस प्रकार किसी बिल पर जनता और बार एसोशियेशन की राय मांगी जाती है, उसी प्रकार इस संबंध में भी जनता की राय ली जाय कि कहां पर यह पुल बनाया जाय। आप सिर्फ रूड़की या अमेरिकी फर्मों से ही राय नहीं मांगें। हमारे देश में बहुत बड़े-बड़े ठीकेदार हैं जिनके पास अपनी लेबोरेटरी और इंजीनियर आदि हैं, उनसे भी इसकी जांच कराई जाय। किन्तु केवल

किसी विशेष संस्थान से ही राय मांगने में राजनीति की दुर्गन्ध मालूम पड़ती है। मैं सबलपुर में बनने वाले पुल का विरोध करता हूं और मैं चाहता हूं कि पटना में गंगा पर पुल बनाया जाय। सबलपुर में तो पुल बनाने की कोई मांग भी नहीं थी, किन्तु वहां पर पुल बनाया जा रहा है। मोकामा में जब पुल बन रहा था तो यह शंका व्यक्त की गई थी कि इससे हमारे उद्देश्यों की पूर्त्ति नहीं होगी। किन्तु पटना में पुल नहीं बनने देने के पीछे कुछ राजनीतिक दाव-पेंच है। सबलपुर में पुल बनने पर दो स्थानों पर पुल बनाना होगा और उसके बीच में पांच मील दियारे पर रोड से उसको जोड़ा जायगा। इसकी दूसरी छोर महनार से हाजीपुर स्टेशन की दूरी बारह मील होगी। जिस यात्री को चम्पारन जाना होगा वह इस दियारा में उतरना क्योंकर चाहेगा ? यदि पटने में पुल बनाया जाता है तो इससे पूरे उत्तर बिहार को लाभ होगा। औद्योगिक और व्यापारिक दृष्टिकोण से भी पटने में पुल बनाना बहुत जरूरी है। यदि मोकामा पुल से हमारे उद्देश्यों की पूर्त्ति हो जाती तो फिर इस पुल की मांग नहीं होती। सब्बलपुर में पुल बनाने पर पच्चीस करोड़ रुपया ही अधिक खर्च होगा, किन्तु खर्च के अनुपात में इससे हमें अधिक लाभ होगा। यहां पर बनने वाला पुल करीब पांच-छः मील लम्बा होगा। यह एक जनतांत्रिक देश है और जनता बहुत ज्यादा कर देती है। इसलिए सरकार का भी यह कर्त्तव्य होना चाहिये कि वह जनता के पैसों का सदुपयोग करे और उसके पैसों के साथ खिलवाड़ नहीं करे। आखिर कर दाताओं के पैसे का उपयोग होना चाहिए, उनके पैसे के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। इसलिये यह नितान्त आवश्यक है कि दीघाघाट से पहलेजा तक पुल बने और सोनपुर रेलवे जंक्शन से उसे सम्बद्ध करें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव को प्रस्तुत करता हूं और प्रस्तुत करते समय सरकार से आशा रखता हूं कि सरकार को पुनः इसपर विचार करना चाहिए। मैं समझता हूं कि सरकार इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लेगी और अपनी उदारता का परिचय देगी ।

अध्यासीन सदस्य (श्री अनिल कुमार सेन)--कितने माननीय सदस्य बोलना चाहते हैं ?

(कई माननीय सदस्यगण खड़े हो गये।)

अध्यासीन सदस्य (श्री अनिल कुमार सेन)--इतने माननीय सदस्य खड़े हो गये हैं और रूल के मुताबिक केवल १५ मिनट ही समय मिलना चाहिए।

श्री कैलाश सिंह--आप रूल को "वेभ" कर सकते हैं।

अध्यासीन सदस्य (श्री अनिल कुमार सेन)--माननीय सदस्य, श्री श्याम सुन्दर दास, पहले बोलें।

श्री श्याम सुन्दर दास--माननीय अध्यासीन सदस्य महोदय, अभी माननीय सदस्य श्री कैलाश सिंह ने जो प्रस्ताव रखा है, गंगा पर पुल का निर्माण, लिया गया है और जो भी तकनिकीविद् आये हैं उसके बावजूद हम देखते हैं कि सबलपुर के नजदीक गंगा में पुल बनाने का जो निर्णय है वह आवागमन की दृष्टि से, आर्थिक दृष्टि से और व्यापार की सुविधा की दृष्टि से अनुपयोगी सिद्ध होगा। अभी माननीय सदस्य ने कहा है कि वहां पर जो पुल बनेगा, वह दो हिस्सों में बनेगा। दो मील का दो पुल बनेगा और दोनों पुलों के बीच की जमीन है, जो दियारे की जमीन है वह करीब पौने तीन मील है। उसपर रोड बनेगा। ऐसा नक्शा में दिखलाया गया है। यह बात समझ में नहीं आती है कि सैकड़ों वर्षों से गंगा और गंडक की तेज धारा में दियारे की जमीन कटती रहती है और

वह जमीन चिड़ियां की घोसला की भांति बन जाती है, तो उस पुल की सिक्युरिटी क्या होगी? यदि इसकी मरम्मत का कॉस्ट जोड़ लेंगे तो १५ करोड़ रुपया खर्च होगा। अगर वहां पर पुल बनेगा तो दोनों नदियों के नियंत्रण के लिये राज्य सरकार को काम करना होगा। दोनों नदियों को टेम करने के लिए जो खर्च पड़ेगा वह करीब ५० करोड़ होगा क्योंकि टेम करने के लिये इस्टैब्लिशमेन्ट पर खर्च पड़ेगा और वह भी टेम कर पायेंगे कि नहीं वह तो टेकनिशियन ही बतायेंगे। जहां तक खर्च का सवाल है महेन्द्रू से पहलेजा और सबलपुर से चेचरी तक कोई फर्क ही नहीं पड़ता। सबलपुर से चेचरी की दूरी ५ मील की है और महेन्द्रू से पहलेजा की दूरी ६ मील की है।

यदि पहलेजा—दीघा के सामने पुल बनेगा तो खर्च के हिसाब से भी बहुत कम पड़ेगा। यहां पर यह स्थाई चीज होगी। दूसरी बात आवागमन की है। सबलपुर—चेचरी के सामने जो पुल बनेगा उसका भविष्य ऐसा नहीं होगा कि वहां रेल-कम-रोड ब्रीज हो सकेगा। उसका विकास नहीं होगा। जैसे वहां से कोई रेलवे स्टेशन १२ मील से कम की दूरी पर नहीं पड़ता है। आवागमन की दृष्टि से देखा जाय तो मालूम होगा कि जिन लोगों को पूर्णिया, सहरसा, दरभंगा, चम्पारण या सारण जाना होगा उन्हें १२ मील फिर लांघ कर हाजीपुर आना पड़ेगा इस तरह से लोगों को २४ मील का फर्क पड़ेगा। यहां पुल बनने से आवागमन में कोई सुविधा नहीं होगी। पटने में महेन्द्रू के सामने पुल बनने से यह सब मुसीबत नहीं उठानी होगी। यहां पर बनाने से खर्च भी कम पड़ेगा। यदि यहां पुल बनाया जाता है तो लोग जहां चाहें सारे हिन्दुस्तान में आसानी से आ-जा सकते हैं। मालूम होता है कि इस दृष्टिकोण से सरकार ने इस पर विचार नहीं किया। अगर यह विचार किया होता तो ऐसा नहीं होता। मैं कैलाश बाबू के विचार का समर्थन करता हूं। दूसरी चीज है कि गंगा नदी का ज्योलौजिकल सर्वे हुआ है कि नहीं? अगर हुआ है तो उस रिपोर्ट में ऐसा आया है कि महेन्द्रू-दीघा के बीच विस्फोटक पदार्थ है?

यह सही-सही तभी मालूम होगा, जबकि गंगा नदी का कोई ज्योलौजिकल सर्वे रिपोर्ट हो उससे कम्पेयर किया जाय। ऐसा करने से असलियत मालूम होगी। मालूम होता है कि कुछ लोगों के प्रभाव के कारण सरकार को साइट बदल कर सबलपुर करना पड़ा। सरकार फिर से इस पर विचार करे। सबलपुर में पुल बनाकर सरकार रुपया नष्ट नहीं करे। इन्हीं शब्दों के साथ मैं कैलाश बाबू के विचारों का समर्थन करता हूं और आशा करता हूं कि सदन के सदस्यों का भी समर्थन इस पर प्राप्त होता।

श्री पूर्णेन्दु नारायण सिन्हा—अध्यक्ष महोदय, मैं बहुत दिनों से गंगा पर पुल बनने की

बात सुनता आ रहा हूं। मालूम नहीं कि यह कब तक बनकर तैयार होगा। कभी वित्तीय संकट के नाम पर स्थगित कर दिया गया और अब फोर्थ प्लैन का पीरियड आया है। इसमें पुल बनाने की योजना सम्मिलित की गई है। लोक-निर्माण विभाग के भूतपूर्व मंत्री ने भी इस सदन में कैटेगोरिकली आश्वासन दिया था।

अध्यासीन सदस्य (श्री अनिल कुमार सेन)—माइक ठीक नहीं है।

श्री पूर्णेन्दु नारायण सिन्हा—अध्यक्ष महोदय, गंगा पर पुल पटने में बनाने के लिए लोक-

निर्माण मंत्री ने आश्वासन दिया था। लेकिन यह पुल अभी तक नहीं बन पाया है। एक बार केन्द्रीय उप-मंत्री श्रीमती जहांआरा जयपाल सिंह पटने में आई थी। उन्होंने आश्वासन दिया था कि पटने में गंगा पर पुल दो या तीन वर्षों में बनकर तैयार हो जायगा। लेकिन

गवर्नमेंट ऑफ इण्डिया की ओर से यह पुल पटने में नहीं बनकर बक्सर में बन रहा है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया था कि प्रत्येक १०० मील पर गंगा नदी में एक पुल बनेगा। जैसा कि कलकत्ता में दो पुल है तथा एक और पुल बनने जा रहा है। गंगा पर पुल बनने के संबंध में मुझे एक कहानी याद आ जाती है। एक बार संगीत सम्राट तानसेन बनारस गये थे। उनसे लोगों ने पूछा कि हुजूर का गाना किस स्थान पर हुआ था। उन्होंने कहा कि मेरा गाना गंगा के पुल पर हुआ था और लाखों आदमी वहां पर जमा हो गये थे। जब लोगों ने पूछा कि लाखों आदमी वहां पर जमा हो गये तो वह पुल टूटा या नहीं तब तानसेन ने कहा कि पुल ही कहां पर बना है। इसी तरह से मुख्य मंत्री तथा लोक-निर्माण मंत्री कई वर्षों से पटने में गंगा पर पुल बनाने के लिए आश्वासन देते आ रहे हैं। अगर यह पुल पटने में पश्चिम कुर्जी अस्पताल या बाटा फैक्टरी के पास बनेगा तो शहर का काफी विकास होगा। क्योंकि पटना शहर की लम्बाई बहुत अधिक है तथा चौड़ाई कम है। इस पुल के बन जाने से गंगा के उस पार भी पटने की आबादी बढ़ जायगी तथा इस पार भी आबादी बढ़ जायगी। और पटना विश्व का एक सुन्दर शहर बन जायगा। इन सभी चीजों को ध्यान में रखते हुए पटने में पुल बनना जरूरी है। इन चीजों को मद्देनजर रखते हुए मैं श्री कैलाश बाबू के प्रस्ताव का समर्थन करता हूं। पुल का काम शुरु हो जाना चाहिए। दूसरी बात है कि सबलपुर में न बनकर बांकीपुर क्लब से लेकर मोट फैक्टरी साईट के बीच में पुल का निर्माण होना चाहिये।

श्री राधाकृष्ण प्रसाद सिंह—मैं भी इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं, इसको नोट कर लिया जाय।

श्रीमती प्रभावती गुप्ता—श्री कैलाश बाबू का जो प्रस्ताव आया है वह बहुत ही अहम और महत्वपूर्ण प्रस्ताव है, मैं उसका समर्थन करने के लिये खड़ी हुई हूं। गंगा पर पुल बनना, यह हमारी चिर मनोवांछित कामना रही है, बिहार की जनता की आकांक्षा रही है। लेकिन पटने और छपरे की जनता अभी भी बहुत ही निराशाजनक वातावरण में है। हमारा प्रान्त अविकसित प्रान्त में आता है। लेकिन इस पुल के लिये पटने के निवासियों की चिर-आकांक्षा है कि पटने ही में पुल बने। मैं विधान-सभा की सदस्या रह चुकी हूं और विधान परिषद् की सदस्या हूं। मैं सदा से देखती चली आ रही हूं कि पटना में पुल बनने का सवाल बहुत ही अहम सवाल है। पटने में पुल बनना सबलपुर में बनने से अधिक खर्च का नहीं है। पटने में पुल बनाने का बहुत ही साईट है। यदि सबलपुर में पुल बनेगा तो पटने से ११ मील दूर हो जायगा और हाजीपुर में जाकर निकलेगा। पहला प्रस्ताव था कि दियारा के क्षेत्र में जो जमीन होगी वह स्थायी होगी, या नहीं। मैं कहना चाहती हूं कि पटने में ही पुल बनना चाहिये। यह हमलोगों की बहुत पहले से ही आकांक्षा रही है कि पटने में पुल बने। उत्तर बिहार और पटने के बीच गंगा नदी है। उत्तर बिहार और पटने के निवासियों की भावना एक है लेकिन इन दोनों जगहों के निवासियों को गंगा नदी अलग कर देती है। गंगा नदी पर पुल बनाकर हम दोनों जगहों की जनता को एक कर सकते हैं तथा उनके स्वप्नों को साकार कर सकते हैं। पटना से दूर पुल बनने में तस्कर व्यापारियों को लाभ होगा। वहां उन्हें देखने वाला कोई नहीं रह जायगा। पटने में पुल बनने से यहां अधिकारियों की नजर ज्यादा रहेगी तस्कर के व्यापार पर। स्थानीय दाव-पेंच क्या है मुझे नहीं मालूम। मेरा तो प्रस्ताव है कि जो जमीन पटने में है वह भी पुल बनने के लिये काफी उपयुक्त है। यदि खर्च ज्यादा भी बढ़ जाय तो भी पुल पटने में, राजधानी में ही बनना चाहिये। सरकार को पुनः विचार करना है कि पुल यहीं पटने में बने। उन्हें यह

निर्णय करना है। अध्यक्ष महोदय, मैं नहीं चाहती कि तस्कर व्यापारियों को प्रश्रय मिले ताकि वे पुल दूर बनने से छिपकर आयें-जायें और घूस देकर अपना काम करें। मैं सरकार का ध्यान इस बात की ओर विशेष आकृष्ट करना चाहती हूं। इसके लिये सरकार एक समिति भी नियुक्त करे। इस पर दो राय नहीं हो सकती है। मैं भी इसे प्रमाणित कर सकती हूं और आप भी इस पर प्रभाव डाल सकते हैं। सबलपुर में पुल बनेगा तो दोनों तरह का खर्च होगा। अतः पटना में ही पुल बनना अति आवश्यक है। सबलपुर जाने के लिये हमें ६०-७० मील की दूरी तय करनी पड़ेगी और यदि यह पुल पटने में बन जायगा तो केवल ३०-३५ मील की दूरी ही होगी। इन सब बातों को मद्देनजर रखते हुए हमें विचार करना है—हमें विचार ही नहीं करना है बल्कि इस प्रस्ताव को सरकार को पास करके इस पुल को पटने में बनाना आवश्यक है। भले ही यह पुल महेन्द्रू में बने, दीघा में बने, या किसी साइट पर बने परन्तु सबलपुर में यह पुल नहीं बने। इन्हीं सब बातों से आज बिहार की प्रगति नहीं हो रही है। यह राज्य अभी तक अविकसित ही रहा है। पटना में न कोई व्यापारिक जगह है, न यहां कोई घूमने की जगह है और न यहां कोई स्थल है। इन्हीं सब बातों को मद्देनजर रखते हुए यह आवश्यक प्रतीत होता है कि पटने में ही पुल बनाने का निर्माण कार्य आरंभ हो। इन सब बातों के साथ मैं अपना स्थान ग्रहण करती हूं।

श्री हरगौरी तिवारी——अध्यक्ष महोदय, कैलाश बाबू के प्रस्ताव का मैं समर्थन करता हूं।

इस प्रस्ताव पर दो राय नहीं हो सकती है। मोकामा में पुल बना लेकिन वह पुल उतना काम नहीं कर रहा है जितना कि अगर उस पर डबल लाइन बनी होती। इन दिनों हालत यह है कि बरौनी में अगर आप जाकर देखेंगे तो पायेंगे कि वहां लोग पैसेन्जर गाड़ी के लिये दिन-रात ताक में लगे रहते हैं। पहले नेफा, लद्दाख, आसाम से बिहार का उतना सम्पर्क नहीं था। अब हालत यह है कि नेफा, लद्दाख, आसाम से लोग यहां आते हैं। जहां आसाम मेल गाड़ी आती है। बरौनी से आसाम तक जाने के लिये सिर्फ दो गाड़ी है जो कि यथेष्ट नहीं है। अगर गाड़ी छूट जाती है तो पैसेन्जर को २-३ घंटे तक रह जाना पड़ता है। यदि कोई दूसरा साधन रहता तो सुविधा होती। पैसेन्जर्स दूसरी तरफ से होकर दिल्ली, राजस्थान, बम्बे जा सकते थे। अभी हाल यह है कि मोकामा का पुल बना परन्तु उसपर एक ही लाइन है जिससे उस पर कोई विशेष गाड़ी नहीं चलायी जा सकती है। अतः मैं समझता हूं कि बिहार में जल्द-से-जल्द पुल बने जिससे उत्तरी बिहार और दक्षिणी बिहार की तरक्की हो सके। यह अति आवश्यक है।

आज सोनपुर से पटना पहुंचने में ३ घंटा लगता है। यदि पटने में पुल बन जायगा तो केवल आध घंटा ही समय लगेगा, और बरौनी से पटना आने में केवल ४ घंटा ही लगेगा क्योंकि गंगा को केवल तीन मिनट में ही पार किया जा सकता है। वहां दो नदियां आती हैं। वहां दोनों नदियां ओवरफ्लो करती रहती हैं। इन सब बातों को ध्यान में रखते हुए मुझे कहना है कि जो बाहर से एक्सपर्ट आते हैं वे अमेरिका के हों या कहीं के भी हों उन्हें यहां के स्थान का ज्ञान नहीं रहता है। यदि उन्हें ज्ञान रहता तो वे मोकामा की दिक्कतों को देखकर बता सकते थे कि पुल कहां पर बनाया जाय। सबलपुर में पुल बनेगा तो जब बाढ़ आयगी तो पटना भी खतरे में पड़ जायगा और उस पार भी खतरा हो जायगा। पुल भी इस हालत में टूट जा सकता है क्योंकि धार वहां बहुत ही तेज रहेगी। इसलिये जब चाहते हैं कि पटना पर खतरा न आये तो इसके लिये जरूरी है कि पुल ऐसी जगह बनाया जाय जिससे पटने पर कम खतरा हो। इस ख्याल से सबलपुर की बनिस्बत दीघा में बनाया जाय तो अधिक लाभकर होगा क्योंकि यहां एक ही नदी की धारा

रहेगी। यहां नेकेड आंखों से देखने पर मालूम होता है—वह यह है कि उस पार पहलेजा और इस पार दीघा में नदी का किनारा ज्यादा मजबूत है। लेकिन सबलपुर में देखने से इतना मजबूत नहीं मालूम होता है। इसलिये दीघा में ही पुल बनाना ठीक होगा क्योंकि यहां जो पुल बनेगा वह अधिक मजबूत होगा। इसके अलावा पटना शहर को उस पार भी बढ़ने का मौका मिलेगा और शहर रमणीक हो जायगा। वहां पुल बनाने में खर्च भी कम पड़ेगा। अन्य चीजों में भी कम खर्च पड़ेगा। सोनपुर का प्लैटफार्म सबसे बड़ा है। वहां बहुत-सी गाड़ियों के रहने की जगह है और वहां से छपरा और मुजफ्फरपुर आने-जाने में आसानी पड़ेगी। आपको मोकामा में जो पुल बना है उससे सबक लेनी चाहिये। मैं नहीं कह सकता कि अमेरिकन एक्सपर्ट लोगों ने किस ख्याल से सबलपुर में पुल बनाने की राय दी है। हमलोगों को तो इस पर हंसी आती है। ज्योग्रफी के जानने वाले लोग कहते हैं कि दीघा में ही पुल बनाना ठीक होगा। इसलिये मैं अनुरोध करता हूं कि सरकार इस पर पुनः विचार करे और जल्द-से-जल्द दीघा में पुल बनावे।

श्री इन्द्र दीप सिंह—अध्यक्ष महोदय, श्री कैलाश सिंह ने जो प्रस्ताव सदन के समक्ष पेश किया है उसका मैं समर्थन करने के लिये खड़ा हुआ हूं। हमारे राज्य में दुर्भाग्य से गंगा पर पुल का बनाना सरकार के लिये एक प्रचार का साधन बन जाता है। जो भी सरकार आती है वह इसके प्रचार में लग जाती है। मुझे याद है और आपको स्मरण होगा कि एक समय था जब बक्सर से सुल्तानगंज तक कई जगह पुल बनने वाले थे। अब दुर्भाग्य है कि हमारे मुख्य मंत्री ने कहा कि सबलपुर में सड़क का पुल बनेगा और पटने में पीपे का पुल बनेगा। मालूम होता है कि दिमाग में पीपा ही पीपा हो गया है। सबलपुर में पुल का बनाना वैसा ही है जैसे मुहम्मद तुगलक ने दौलताबाद बसाया था। कुछ समय पर्व विभाग के लोगों से हमने पूछा था कि बीच में सड़क टूट जायगी तो क्या होगा। इसपर उनलोगों ने कहा कि पत्थर का इम्बैंकमेन्ट बना दिया जायगा। मैं आपको बताना चाहता हूं कि पटने में पुल बनाने से पटना शहर और राज्य के लिये उपयोगी होगा। इसी सदन में मैंने तत्कालीन सरकार से पूछा था कि यह जो अमेरिकन कंसल्टेन्ट हैं उनकी योग्यता क्या है। तो उत्तर मिला था कि मंत्री महोदय को उसका ज्ञान नहीं है। मैंने यह भी पूछा था कि क्या सेन्ट्रल पावर ऐंड इरिगेशन कमीशन से पूछा गया था ऐसे पुल के बनाने के बारे में, तो उसका कोई उत्तर नहीं मिला। मैंने यह भी पूछा था कि क्या सरकार को मालूम है कि कंसल्टेन्ट कम्पनी सी०आइ०ए० की एजेंसी है तो मंत्री महोदय ने हमसे पूछा था कि सी०आइ०ए० क्या है? तो इस तरह के कंसल्टेन्ट की सिफारिश पर पुल बनाया जाय जिसपर ३५-४० करोड़ रुपये का खर्च होगा कोई बुद्धिमानी नहीं है। पटना में पुल बनाया जाय या कहीं दूसरी जगह बनाया जाय। सभी जगह दक्खिन का किनारा तो एक समान है लेकिन उत्तर का किनारा एक समान नहीं है। इसलिये इसकी जानकारी जरूरी है कि उत्तर का किनारा कम-से-कम क्या होगा। इस बात पर मोकामा पुल बनाते समय सरकार ने ध्यान नहीं दिया जिसका नतीजा यह हुआ कि पुल का स्पैन छोटा हो गया। अगर इसी तरह की जल्दीबाजी यहां पर पुल बनाने में भी की जायगी तो वही नतीजा होगा। यह जो कहा गया है कि महेन्द्रू या दीघा के बीच पुल बनाने से एक्जीबिशन रोड या फ्रेजर रोड की आबादी को क्षति पहुंचेगी। यह बात भी गलत है। इसलिये मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए सरकार से अनुरोध करता हूं कि वे इस प्रस्ताव को स्वयं स्वीकार करके जनता की जायज मांग को पूरा करे और पटना में एक रेल और रोड दोनों का पुल बनावे। जिस समय मोकामा का पुल बन रहा था उस समय भी बिहार की जनता की यही मांग थी। उस समय केन्द्रीय सरकार ने आश्वासन दिया था कि पटने में कम-से-कम एक रोड ब्रीज बनाने का

खर्चा वह देगी। इस आश्वासन के आधार पर हमलोगों को मांग करनी चाहिये कि रेल-रोड पुल पटने में बनाने के लिये केन्द्रीय सरकार पैसे दे। मोकामा पुल बनाते समय एक ट्रैक का पुल बना दिया गया जिसका नतीजा यह हुआ कि वहां ट्रैफिक जाम हो जाती है। उत्तर बिहार और दक्खिन बिहार के दो एपेक्स हैं। एक तो मोकामा और दूसरा पटना। इसलिये जब एक जगह पुल बन गया तो दूसरी जगह भी बनाना चाहिए और वह पुल महेन्द्रू और दीघाघाट के बीच कहीं भी बनना चाहिये। इस संबंध में सरकार के इंजीनियर्स की जो राय हो वह सदन के सामने रखना चाहिये और इस प्रश्न को राजनीतिक का प्रश्न नहीं बनाना चाहिए। यह प्रश्न केवल नाम और यश कमाने का नहीं है। यह प्रश्न केवल सस्ती लोकप्रियता कमाने का भी नहीं है, बल्कि यह प्रश्न जन-कल्याण का, बिहार की प्रगति का है और बिहार के भविष्य का है और मैं चाहता हूं कि इसी दृष्टि से इस प्रश्न को देखा जाना चाहिए।

श्रीमती किशोरी देवी—माननीय स्थानापन्न अध्यक्ष महोदय, अभी जो सदन के सामने माननीय सदस्य श्री कैलाश सिंह का गंगा पर पुल पटना के सामने महेन्द्रूघाट से पश्चिम किसी उपयुक्त स्थान पर बनाये जाने के संबंध में प्रस्ताव विचाराधीन है, मैं उस प्रस्ताव के समर्थन में बोलने के लिए खड़ी हुई हूं। अध्यक्ष महोदय, यह एक अत्यन्त ही महत्वपूर्ण प्रस्ताव है क्योंकि यह बिहार राज्य के विकास में, प्रगति में अपना एक महत्त्वपूर्ण स्थान रखता है। गंगा पर पुल के माध्यम से उत्तर बिहार और दक्खिन बिहार को जोड़ने से संबंधित होने के कारण यह प्रस्ताव अत्यन्त ही महत्वपूर्ण है। आप जानते हैं अध्यक्ष महोदय कि पटने में गंगा पर पुल बनाने की मांग बहुत ही पुरानी है। सभी जानते हैं कि बिहार राज्य की अधिकांश जनता उत्तर बिहार में बसी हुई है और उत्तर बिहार का क्षेत्र एक पिछड़ा हुआ क्षेत्र माना जाता है क्योंकि वहां पर यातायात का पर्याप्त साधन नहीं है और न अन्य प्रकार की आधुनिक सुविधायें ही हैं। यातायात की सुविधा का अभाव होने का नतीजा यह है कि सारा दक्खिन बिहार जो खनिज पदार्थों का भंडार है, फिर भी उत्तर बिहार की जनता गरीबी और भूख के चंगुल में फंसी हुई है। यह बात सही है कि मोकामा में गंगा पर पुल बन गया है लेकिन उससे उत्तर बिहार की जनता को उतना लाभ नहीं होगा जितना कि गंगा पर पटना में पुल बन जाने पर होगा। यह बात अवश्य है कि मोकामा के पुल से उत्तर बिहार की जनता की यातायात की सुविधा में कुछ वृद्धि अवश्य हुई है और बंगाल से उत्तर बिहार का सीधा सम्पर्क हो गया है। अभी हाल में माननीय मुख्य मंत्री जी ने यह एलान किया है कि पटने में गंगा पर पुल बनाया जायगा और आम जनता इस घोषणा से बहुत खुश है और उसके अन्दर यह आशा जगी है कि उसके खुशहाली के दिन जल्द ही आनेवाले हैं। साथ ही सरकार के इस निर्णय से कि गंगा पर पुल सबलपुर नामक स्थान में बनाया जायगा। जनता की खुशी और उत्साह समाप्त होने लगी है। टेकनिकल बातों की तह में मैं जाना नहीं चाहती हूं और न मैं अपने को उसके योग्य ही मानती हूं। लेकिन सर्वसाधारण के हित को देखने पर मुझे ऐसा लगता है कि महेन्द्रूघाट के निकट पुल बनाने से साधारण जनता को लाभ अधिक होगा। गरीब और साधारण लोगों को महेन्द्रू घाट के नजदीक पुल बनने से काफी सुविधा हो जायगी। अभी जैसा कि सरकार का विचार है, उसके मुताबिक अगर यह पुल सबलपुर में बनाया गया तो साधारण जनता को महेन्द्रूघाट से नाव या स्टीमर से उस पार जाने में अधिक सुविधा होगी। हुजूर, महेन्द्रू में पुल के निर्माण का, मैं समझती हूं अपना एक महत्वपूर्ण स्थान हो सकता है, क्योंकि आप जानते हैं, अध्यक्ष महोदय, कि हमारी राजधानी पटना की जनसंख्या की जितनी तीव्रगति से वृद्धि हो रही है उतनी तीव्र गति से नागरिकों की सुविधाओं में वृद्धि नहीं हो पा रही है, इस पुल के महेन्द्रू में निर्माण

हो जाने से जनसंख्या के विस्तार की सुविधा में वृद्धि हो जायगी और जीवन अधिक खुशहाली का हो जायगा। यह बात मेरी समझ में बिल्कुल नहीं आती है कि इस पुल के सबलपुर में निर्माण करने का विचार क्यों रखा गया है। महेन्द्रूघाट में पुल बन जाने से सर्व-साधारण की यातायात और अन्य प्रकार की सुविधा में बहुत वृद्धि हो जायगी। उनका दक्खिन बिहार और देश के अन्य हिस्सों से निकट का सम्पर्क हो जायगा, जिससे उनको प्रगति का बहुत अवसर मिलेगा। यह पुल यदि महेन्द्रू के पास नहीं बनेगा तो इसका उतना उपयोग नहीं हो सकेगा। जब इसके लिये बहुत दिनों से छानबीन हो रही है और २५ करोड़ के व्यय की बात है तो ऐसी जगह बनाना चाहिए जहां ज्यादा-से-ज्यादा आदमी को सुविधा हो। पुल कहीं भी बनाया जा सकता है, लेकिन उसपर जो सड़क बनेगी उसके लिये सोचना होगा कि कहां ज्यादा लोगों को सुविधा होगी। सबलपुर यहां से दूर है, इससे उस सड़क के उपयोग में कठिनाई अधिक होगी। माननीय सदस्य ने कहा कि मोकामा पुल के बनाने के समय व्यापक दृष्टिकोण नहीं अपनाया गया था। भेस्टेड इंटरेस्ट के कारण वह ठीक नहीं हुआ। नतीजा हुआ कि गंगा में आग लग गयी और वहां कितनी परेशानी हुई। अभीतक उसे डबल करने के लिये सोचा जा रहा है। कहना है कि काम में थोड़ा विलम्ब हो सकता है, लेकिन जल्दीबाजी करने से धनराशि व्यर्थ बर्बाद होगी। महेन्द्रूघाट और पहलेजा के बीच बनाने से मैं समझता हूं कि जो २५ करोड़ खर्च होंगे वह अधिक लाभकर होंगे। यह हो सकता है कि कुछ मकानों को तोड़ा जाय, तब भी ज्यादा फायदेमन्द होगा। अधिक लाभ को देखते हुए यह क्षति थोड़ी है, अधिक नहीं। इसलिये निवेदन करना चाहती हूं कि माननीय सदस्य के विचार पर कार्यान्वियन किया जाय। इससे देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान होगा।

श्री रमजान अली—माननीय सदस्य श्री कैलाश बाबू ने जो गंगा पर महेन्द्रूघाट और पहलेजाघाट में पुल बनाने के लिये प्रस्ताव दिया है मैं उसके समर्थन में खड़ा हुआ हूं। मैं कहना चाहता हूं कि बहुत दिनों से यह योजना खटाई में पड़ी हुई है। सुनने को मिला था कि पुल बनेगा। लेकिन कहां बनेगा यह पता नहीं था। बक्सर, दीघा, महेन्द्रू, सबलपुर सबका नाम सुन रहे थे। सबलपुर १२ मील की दूरी पर है। दूर पर बनाने में आवागमन के रास्ते में भी खर्च है। साथ ही आवागमन में दिक्कत भी लोगों को उठानी पड़ेगी। इसलिये मैं सरकार से कहूँगा कि महेन्द्रू, पहलेजा या उसकी बगल में जहां मिट्टी अच्छी है वहां ही बनाया जाय। उससे छपरा-मोतिहारी-मुजफ्फरपुर के लोगों को लाभ होगा। लोगों के रोजगार में भी उन्नति होगी और सरकार को आमदनी का जरिया भी प्राप्त होगा। अभी मुख्य मंत्री २-४ रोज पहले छपरा गये थे। वहां लोगों ने उनसे पूछा तो उत्तर मिला कि समय तय नहीं किया गया है कि कब बनेगा। लेकिन मेरा निश्चित मत है कि इस संबंध में लोगों को भूल-भुलैये में नहीं रखना चाहिए। जनता की सुविधा के मुताबिक वह सबलपुर में नहीं बनाया जाना चाहिये। महेन्द्रू में बनाया जाय तो ज्यादा अच्छा होगा। सरकार को इस बारे में स्पष्ट आश्वासन देना चाहिये। मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं।

श्री इन्द्र कुमार—अध्यक्ष महोदय, पटना में पुल बनाने की चर्चा कई वर्षों से हो रही है। पुल तो बना नहीं, लेकिन ऐसा लगता है कि यह हवाई पुल बन करके रह जायगा। अब मैं इस विवाद में नहीं जाना चाहता हूं कि पुल सबलपुर में बने या महेन्द्रू में। बहस के दौरान में दो-तीन बातें उठी हैं। मैं चाहूँगा कि सरकार उसके संबंध में सफाई दे। एक बात तो यह है कि जब सेन्ट्रल वाटर एण्ड पावर कमीशन के पास नदियों के कटाव की जांच के लिये सब साधन उपलब्ध हैं तो अमेरिका की एक कम्पनी—जौन ग्राह्य ह्वाईट कम्पनी को क्यों इस बात की जांच के लिये कि पुल कहां बने, बुलाया गया। जब से जौन ग्राह्य

हूवाईट कम्पनी को यह काम सौंपा गया तब से पी०डब्लू०डी० के दो मिनिस्टरों ने एक कांग्रेस दल के और दूसरे संयुक्त सरकार के, विदेश-यात्रा का कार्यक्रम क्यों बनाया। ये दोनों मंत्री पुल के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिये विदेश यात्रा का कार्यक्रम क्यों बनाये। तीसरी बात यह है कि स्वीटजरलैंड में एक बैंक है जो बिना नाम के रुपया जमा करता है और सिर्फ एक नम्बर दे देता है। इसलिये यह भी पता लगाना चाहिये कि जौन ग्राह्म हूवाईट कम्पनी ने जो सरकार से रुपये लिये वह किस आदमी के खाते में जमा किया गया।

श्री पशुपति सिंह——हुजूर, मेरा एक प्वायंट ऑफ ऑर्डर है। जो बातें माननीय सदस्य उठा रहे हैं उनका प्रस्ताव से कोई संबंध नहीं है। अगर इस तरह की बातें उठायी जायंगी तो बहस का कोई अन्त नहीं होगा।

अध्यासीन सदस्य (श्री अनिल कुमार सेन)——इसके संबंध में कोई बात छिपी नहीं है। किस वजह से पटने में पुल नहीं बना है इसके संबंध में जिक्र किया जा सकता है।

श्री इन्द्र कुमार——मैं कह रहा था कि जब पूना में इन सारी बातों की जानकारी प्राप्त करने के लिये सेन्ट्रल वाटर एवं पावर कमीशन के पास साधन उपलब्ध हैं तो जनता का पैसा क्यों अमेरिका की एक कम्पनी को दिया गया जिसको पुल बनाने का टेकनीकल नो-हाउ की जानकारी नहीं थी।

चौथी बात यह है कि सबलपुर के नजदीक गंगा के इस पार और उस पार किन-किन पौलिटिसीयनों ने जमीन खरीदी है। इसकी जानकारी सरकार को प्राप्त करनी चाहिए। जनता को इस बात से अवगत कराना चाहिए कि हमारे पैसे को विदेशी कंपनी को क्यों दे रहे हैं और सबलपुर में क्यों पुल बनाया जाय।

श्री रमानन्द सिंह——माननीय अध्यासीन सदस्य महोदय, हमारे माननीय मित्र इन्द्रदीप बाबू ने इस पुल के बारे में तत्व की बातें बतायी हैं। इसके बारे में मुझे कुछ नहीं करना है। गंगा में पुल महेन्द्रू में हो या सबलपुर में हो, इसकी उपयोगिता के बारे में मुझे कुछ नहीं कहना है। सबों की मांग है कि गंगा में पुल बने और वह पुल पटना के पास बने। तो दाल-भात में मूसरचन्द के ऐसा सबलपुर कहां से आ गया। इस बात की जांच होनी चाहिए कि पटना से दीघा के बीच में पुल कहां बने। आज लोग चन्द्रमा पर जाने की बात कर रहे हैं, लेकिन पटना से सोनपुर जाने के लिये पुल कहां बने इसकी जानकारी हमें नहीं है। हमें इस बात के लिये तैयार हो जाना चाहिए कि पुल पटने के पास बने। यह एक बड़ी चुनौती सरकार के सामने है। सरकार अपने वैज्ञानिकों को आदेश दे कि पटना से दीघा के बीच में पुल कहां बने इसकी वे जांच करें। सरकार को स्पष्ट आदेश दे देना चाहिए कि पुल पटना के पास ही बनाना है। माननीय सदस्य श्री कैलाश सिंह का प्रस्ताव उपयुक्त है। सरकार को मान लेना चाहिए कि पुल महेन्द्रू या दीघा में बने।

श्री यमुना प्रसाद सिंह——अध्यक्ष महोदय, मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करता हूं, लेकिन एक शर्त के साथ कि वे अपने प्रस्ताव से महेन्द्रूघाट से "पश्चिम" शब्द हटा दें। पुल बने पटना के सामने किसी उपयुक्त स्थान पर और सोनपुर रेलवे जंक्शन से उसे सम्बद्ध कर दें। पुल बने महेन्द्रू के आसपास। मैं इसका समर्थन करता हूं। सवाल है कि पुल कहां बने? गवर्नमेंट का विचार है कि सबलपुर के सामने बने और जहां तक जनता का सवाल है वह

चाहती है कि पटना के सामने बने। गवर्नमेंट के विचार और जनता के विचार में यही मतभेद है। यही शक-शुबहा की बात आ जाती है। एक बात सदन के सामने शक-शुबहा की आयी है। काम की बात तो यही है लेकिन लोग ऐसे मौके पर नाजायज तरीके से इधर-उधर कर देते हैं। एक जगह से दूसरी जगह हटा देते हैं। जहां तक शक-शुबहा की बात है यहां तथ्य के आधार पर तय किया जाय। मैं एक चीज सदन के सामने रखना चाहता हूं कि पुल सबलपुर में बनेगा तो पटना में जो झंझट जहाज से, नाव से पहलेजाघाट जाने का और फिर पहलेजाघाट से सोनपुर जाने का है वह झंझट खतम होता है कि नहीं। अगर सबलपुर में पुल बनेगा तो यह झंझट बहुत हद तक बनी ही रहेगा। अगर यह झंझट बनी रहेगी तो विकास के काम में रुकावट बनी रहेगी। इसमें दो कठिनाई है--- एक टेकनिकल और दूसरा पैसे का खर्च। हो सकता है कि वहां खर्च कम पड़ता हो और यहां ज्यादा। टेकनिकल दृष्टिकोण से वहां बनाया जा सकता है और यहां नहीं बनाया जा सकता है। इन दो कठिनाई का मुकाबला करने के लिये मेरा दो सुझाव हैं। एक सुझाव यह है कि टेकनिकल कठिनाई की बात गलत है। क्योंकि कोई कठिनाई ऐसी नहीं है कि जिसका समाधान नहीं किया जा सके। लेकिन जहां तक खर्च और पैसा का सवाल है मैं कहूंगा कि पहलेजाघाट से सोनपुर का खर्च और जहाज का खर्च घटा दिया जाय तो इससे काफी बचत होगी। और यहां गंगा पर पुल बनाया जाय तो इससे करोड़ों रुपये की बचत होगी। वह कमजोरी दूर की जा सकती है तो उसे दूर करना चाहिए। यह मेरा सुझाव है सरकार के सामने। दूसरी बात यह है कि जगह नहीं है। मैं देखता हूं कि सोनपुर के नजदीक पुल बनाया गया तो सामान रखने के लिए उतनी जमीन नहीं है तो उस पार ज्यादा जमीन है, वहां सामान रखा जा सकता है। कहा जाता है कि ब्रोडगेज लाइन नहीं है। मैं कहना चाहता हूं कि बरौनी में तो ब्रोडगेज लाइन है उसको आप एक्सटेन्ड कर सकते हैं। उस पार इतनी जमीन है कि सामान रखने के लिए जमीन की कमी नहीं होगी। यह ठीक है कि इस पार भी कुछ जमीन की जरूरत हो सकती है तो उसके लिए जमीन लेना चाहिए। चाहे उसके लिए खर्च ही क्यों नहीं पड़े, क्योंकि इससे यहां के पब्लिक को बहुत ज्यादा फायदा होगा। जिले की कोई बात नहीं है। मेरा जिला तो इससे बहुत प्रभावित होगा। वैसे लोग भी इसका समर्थन करते हैं जो दूसरे-दूसरे जिला के रहने वाले हैं। सोनपुर पर पुल बने और अगर पटना में विकास करने के लिये कोई जमीन नहीं है तो इससे इसकी चौड़ाई बढ़ जायगी। हैदराबाद और सिकन्दराबाद जिस तरह का ट्वीन सिटी है उसी प्रकार का पटना भी ट्वीन सिटी हो जायगा। मेरा छपरा जिला है वहां विकास के लिए जगह नहीं है और न वहां कोई इन्डस्ट्रीज ही है। इस पुल के बन जाने से वहां इन्डस्ट्रीज भी बढ़ेगा और इससे गरीबी मिटाने में बहुत कुछ सहायता मिलेगी। मैं कहना चाहता हूं कि जो विचार प्रगट किया गया है उसकी रोशनी में सारी चीजों को फिर से जांच करनी चाहिए ताकि लोगों को ज्यादा फायदा हो। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपना भाषण समाप्त करता हूं।

श्री अब्दुस समी नदवी---अभी जो प्रस्ताव है उसका मैं समर्थन करता हूं। इस पर मुझे कोई लम्बा भाषण नहीं करना है बल्कि मुझे दो बातें कहनी हैं। नौर्थ बिहार डेवलपमेंट के दृष्टिकोण से बहुत पिछड़ा है। इसका मुख्य कारण है कि यहां यातायात का कोई साधन नहीं है। गंगा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण साउथ बिहार से रॉ मेटेरियल नौर्थ बिहार में जा नहीं पाता है। जिन लोगों के हाथ में सत्ता थी वे लोग इस चीज को नहीं देखते थे। गंगा पर पुल ही यह मांग बहुत दिनों से चली आ रही है। अगर साइंस और टेक्नोलौजी के इस जमाने में भी पटना में गंगा पर पुल नहीं बन सकेगा तो यह हमारे लिए

बहुत ही दुःख की बात है। यह जानते हुए भी कि पटना में गंगा पर पुल बन जाने से उत्तर बिहार का विकास होगा, हमारी सरकार इस तरफ ध्यान नहीं देती है। क्या हमारे राज्य में उत्तर में जो हिमालय पर्वत है या नेपाल राज्य है, उसकी मिट्टी इस लायक नहीं है कि वहां गंगा में पुल बनाया जा सके। हमारी सरकार ने इसके लिए काफी जांच-पड़ताल करवाई और तब वह इस नतीजे पर पहुंची कि सबलपुर में गंगा नदी पर पुल बनाया जाय। मैं महेन्द्रूघाट या दीघा में बनाने का समर्थन इसलिए करता हूं कि हमारे उत्तर बिहार की आबादी बहुत बढ़ती जा रही है और उसके कारण पढ़े-लिखे और अन्य लोगों की बेरोजगारी भी बढ़ती जा रही है। आज पटना में रहने के लिए मकान का मिलना बहुत मुश्किल हो गया है। इसलिए कम तनखाह वालों के लिए पटना में रहना और नौकरी करना नामुमकिन हो गया है। अगर पटना में पुल बन जायगा तो लोग हाजीपुर, छपरा, सोनपुर आदि जगहों में जमीन खरीदकर मकान बना लेंगे और पैदल या साइकिल पर सवार होकर काम करने के लिए पटना आवेंगे और फिर अपने घरों को लौट भी जायेंगे। इससे पटने में आवास की जो समस्या है, उसका समाधान भी हो जायगा। सरकार को ईमानदारी के साथ इसपर विचार-विमर्श करना चाहिए कि पटना में पुल बनाने से उत्तर बिहार को कितना फायदा होगा। अभी मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सारण तथा चम्पारण के व्यापारी लोग माल लाने के लिए कलकत्ता की मंडी में चले जाते हैं। अगर पटना में पुल बन जायगा तो वे व्यापारी कलकत्ता के बजाय पटना की मंडी से ही माल खरीदने लगेंगे और पटना एक बहुत बड़ा औद्योगिक और व्यापारी मंडी हो जायगा। यह कहा जाता है कि सबलपुर में कुछ लोगों ने पुल बनने की आशा में वहां पर जमीन भी खरीद ली है और यदि वहां पर अब पुल नहीं बनेगा, तो उनको घाटा होगा। लेकिन इससे तो केवल कुछ ही लोगों का स्वार्थ सधता है, जबकि पटना में पुल बनने से सारे उत्तर बिहार का विकास हो जायग। अगर पटना की मिट्टी में किसी तरह की गड़बड़ी होने से यहां पर पुल नहीं बनाया जा सकता है, तो मैं यह पूछता हूं कि क्या साइन्स और टेक्नोलौजी के इस जमाने में वैज्ञानिक लोग कोई ऐसा इंतजाम नहीं कर सकते हैं कि जिससे पटना में ही पुल बनाया जा सके। सरकार पटना में पुल नहीं बनाकर उत्तर बिहार के साथ बेइन्साफी कर रही है। अगर सरकार इस बेइन्साफी को मिटाना चाहती है तो उसको सारी बातो को मद्देनजर रखते हुए पटना में ही पुल बनाने के सवाल पर गंभीरता के साथ विचार करना चाहिए, ताकि उत्तर बिहार का विकास हो सके और उत्तर बिहार के चम्पारण, सारण, मुजफ्फरपुर और दरभंगा जिलों का संबंध पटना से हो जाय, जिससे पटना की आबादी का भार घटे और लोग पटना के सामने हाजीपुर, सोनपुर आदि जगहों में मकान बनाकर पुल के जरिये रोजी कमाने के लिए पटना आ-जा सकें। इन्हीं शब्दों के साथ मैं इस बात का समर्थन करता हूं कि पटना में ही गंगा नदी पर पुल बनाया जाय।

श्री सुदामा मिश्र—हुजूर, जहां तक पटना में गंगा नदी पर पुल बनने का प्रश्न है, इस

पुल को ब्रिटिश काल में बनाया जाना चाहिए था। आप यह देखेंगे कि हरिद्वार से लेकर कलकत्ता तक गंगा नदी के किनारे बड़े-बड़े शहर बसे हुए हैं और प्रत्येक बड़े-बड़े शहरों को जोड़ने के लिए गंगा पर पुल बने हुए हैं। किन्तु, बिहार राज्य में गंगा नदी पर सिर्फ मोकामा में ही एक पुल बनाया गया है। पटना बिहार राज्य की राजधानी है और यह एक बहुत बड़ा शहर है। लेकिन, इसके बावजूद अभी तक पटना में पुल नहीं बन सका है। अंग्रेजों ने सुरक्षा की दृष्टि से भी इसको आवश्यक समझा था। लेकिन मुझे दुःख है कि स्वतंत्रता के बाईस वर्षों के बाद भी अभीतक पटना में गंगा पर पुल नहीं बनाया जा सका है। यह एक बहुत ही आश्चर्य की बात है। इसलिए अब पटना में पुल बनाने में किसी भी तरह की बहस की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए। मोकामा में पुल बनाने ने हमारे उद्देश्यों

की पूर्ति नहीं होती है। सबलपुर मोकामा के नजदीक ही पड़ेगा। इसलिये मोकामा से जितनी दूरी पर पश्चिम तरफ पुल बनाया जाय, तो उससे उत्तर बिहार का संबंध पटना से अधिक निकट हो जायगा और इससे उत्तर बिहार का सम्यक् विकास होगा। दूसरी बात यह है कि चम्पारण में डुमरिया में नारायणी नदी पर पुल बनकर करीब-करीब तैयार हो चला है और १९७० के अन्त तक वह चालू भी हो जायगा। इसलिये हम छपरा होकर जल्द ही सोनपुर पहुंच जायेंगे। अभी मैं जिस स्थान से आता हूं और पटना आने में मुझे जितनी दूरी तय करनी पड़ती है उसकी दूरी करीब पैंतीस मील कम हो जायगी और जिससे समय की बहुत बचत होगी। बेतिया, मोतिहारी, बगहा आदि स्थानों की दूरी पटना से बहुत कम हो जायगी।

इस प्रकार चम्पारण की दूरी पटना से कम हो जायगी और चम्पारण के जंगलों से सामान को पटना पहुंचने में आसानी होगी। इसी तरह पटना से सामान डुमरिया पुल के जरिए चम्पारण के इनटेरियर में आसानी से पहुंच सकेगा। दरभंगा के बारे में भी अन्य माननीय सदस्यों ने कहा ही है। इसलिए महेन्द्रूघाट से पश्चिम पहलेजाघाट तक पुल बनावें। पहलेजाघाट के लोगों ने कहा है कि इस संबंध में जो भी कठिनाई है उसको हम हल कर सकते हैं। गंगा पर पुल सरकार ऐसी जगह पर बनावे जहां पर यातायात की सुविधा हो और आने-जाने में सहूलियत हो। इसलिए मैं सरकार से अनुरोध करूंगा कि गंगा पर पुल पहलेजाघाट तक बनावें और सोनपुर से संबद्ध करें। मोकामा की तरफ पुल ले जाने से कोई फायदा नहीं होगा।

अध्यासीन सदस्य (श्री अनिल कुमार सेन)--अब सरकार का जवाब होगा। इसके पहले मैं यह जानना चाहता हूं कि इस विषय से संबंधित कौन विभाग के मिनिस्टर हैं। नियम के मुताबिक इस विषय से संबंधित विभाग के मिनिस्टर को जवाब देना है। कौंसिल रूल १९३ में इस प्रकार लिखा है :--

> "Provided that the mover of a resolution, when moving the same and the Minister to whose Department the resolution relates, when speaking for the first time, may speak for 3 minutes or for such a long time as the Chairman may permit.'

तो मैं यह जानना चाहता हूं कि यह विषय किस विभाग के मिनिस्टर से संबंधित है।

श्री राम विलास शर्मा (मंत्री)--इस विभाग के प्रभारी मंत्री मुख्य मंत्री हैं। उन्होंने लिखकर भेजा है कि हमारी ओर से यह काम श्री राम विलास शर्मा करेंगे।

श्री अब्दुल गफूर--माननीय अध्यासीन सदस्य महोदय, मैं सरकार से यह भी जानना चाहता हूं कि असेम्बली में सरकार की ओर से कहा गया था कि पूना और रुड़की में एक हाइड्रोलिक रिसर्च इन्स्टीच्यूट होगा तो उसका अभी क्या पोजिशन है ?

श्री राम विलास शर्मा (मंत्री)--माननीय अध्यासीन सदस्य महोदय, मैं कोई रश्म अदायगी का जवाब नहीं दे रहा हूं। हम सब लोगों की राय है कि पटना में गंगा पर पुल बने। सदन को पूर्ण अधिकार है कि सब बातों पर विचार कर निर्णय लें, लेकिन गंगा पर पटना में पुल बने इसमें न कोई राजनीति है और न दो विचार ही हैं। १९४५

से पटना में गंगा पर पुल कहां बने विचार हो रहा है, यानी २३ वर्ष हो गये इसमें करीब ५० लाख रुपये खर्च हो गये हैं। केवल इन्वेस्टीगेशन और एक्सपर्ट ओपिनियन लेने में। इसमें रेलवे विभाग से संबंधित खर्च शामिल नहीं है।

माननीय सदस्यों को मालूम होगा कि अब इसे चतुर्थ पंचवर्षीय योजना में शामिल कर लिया गया है। २४ वर्ष इसको शामिल करने में तथा २४ वर्ष इसके साइट सलेक्शन में लगा है। इस संबंध में जो ओपीनीयन आया है उसका एक या दो लाइन एक्सट्रैक्ट के रूप में पढ़ देना चाहता हूं। जो माननीय सदस्य अभी बोल गये वे किसी-न-किसी रूप में एक दिन यहां आ जायेंगे। उन्हें भी जवाब देना होगा। इसलिये अपने भाषण को अपने पौकेट ही में रखें। न जाने कब यह चक्का टल जायगा।

श्री रामाश्रय प्रसाद सिंह—क्या यह सरकार टूटने को है ?

श्री राम विलास शर्मा (मंत्री)—ऐसी बात नहीं है। यह रिपोर्ट मिस्टर जे० एम० फेन्टोन, डिप्टी चीफ इंजीनियर, इस्टर्न रेलवे का है जिसे मैं पढ़ देता हूं—

"No favourable or feasible site in the neighourhood of Patna exists at the present time nor, with any future possible configuration of the river in the neighbourhood, it is expected that an entire favourable site would ever be found".

श्री रमानन्द सिंह—यह किस साल की रिपोर्ट है।

श्री राम विलास शर्मा (मंत्री)—यह रिपोर्ट १९४८ की है। कुछ और भी ओपिनीयन आया है। जिसे भी मैं पढ़ देता हूं। माननीय सदस्यों का जो विचार है उसपर भी सरकार विचार करेगी। श्री एम० विश्वसरैया की रिपोर्ट इस तरह की है :—

"He did not consider any site in the Patna region to be feasible for construction of Rail-*cum*-Road bridge. He, however, considered Sabalpur to be the only feasible site near Patna although very costly."

श्री रामाश्रय प्रसाद सिंह—क्या उनकी सलाह है या अपना विचार है।

श्री राम विलास शर्मा (मंत्री)—सरकार का सबलपुर में नहीं, बल्कि पटना में ही पुल बनाने का निश्चय है।

श्री पूर्णेन्दु नारायण सिन्हा—१९५२ में श्री विश्वसरैया आये थे और उनको कुर्सी पर बैठा कर ले जाया गया। उन्होंने उनलोगों से पूछा कि आप लोगों का पुल बनाने के संबंध में क्या विचार है। उन लोगों ने बतलाया कि हमलोग चाहते हैं कि उत्तर बिहार और दक्षिण बिहार को पुल बनाकर मिला दिया जाय। उन्होंने कहा कि गंडक में अभी पुल नहीं है इसलिये उत्तर बिहार तथा दक्षिण बिहार को पुल के जरिये मिलाना कठिन है। इसलिये, पुल का विचार मोकामा में रखा जाय। इसके विषय में मंत्री महोदय का क्या विचार है ?

श्री राम विलास शर्मा (मंत्री)—जो भी विचार होंगे सबों की कौपी कराकर बाजाप्ते सदन में बांट दिया जायगा।

श्री राम विलास शर्मा (मंत्री)--पूना में जो इन्स्टिट्यूट है वहां काफी छानबीन की गई है। उन्होंने अपना ओपिनियन पटना में पुल बनाने के लिये दिया है।

Accordingly, the Central Water and Power Research Station, Poona and Irrigation Research Institute, Roorkee were requested to carry out model tests for all these sites separately and furnish independent suggestions on the suitability of these sites. As a result of detailed investigations P. W. D. prepared a project report and two alternative estimates for Site no. 2 near Patna Collectorate and Site no. 3 near Sabalpur for consideration of Government. The merits and demerits of various sites are discussed in the subsequent paragraphs.

(1) *Site no.* 1 *of Digha.*—Due to change in the river configuration during recent years and increase in the obliquity of flow of upstream of Digha, the very feasibility of this bridge site was ruled out. The Research Stations, Poona and Roorkee also did not consider this site worthy of consideration and feasible.

(*ii*) *Site nos.* 2 *and* 2*A near Mahendrughat.*—Several alternative alignments with different inclination of guide bund were tested in the model for this site. Model tests revealed that there was concentration of flow, increase of velocity and increase of scour along Patna side bank exposing the City to the possibility of danger, from increased attack of the river. The Site no. 2A was found equally bad. The north approach embankment was also subject to damage from embayment action of the river Gandak on the downstream and of the Ganga on the upstream.

Shri RAM BILAS SHARMA (Minister) : With a view to have an independent expert opinion in the matter of locating a suitable site near Patna, the State Government secured the services of a foreign consultant M/s J. G. White Engineering Corporation of New York. The consultants made exhaustive study of the hydraulic data and the river behaviour in the region of Patna. They considered altogether 18 alternative crossings between Digha and Sabalpur. The consultants have concluded that there is no feasible site between Digha and the confluence of river Gandak. The main ground for rejecting these sites is the increased danger to Patna town by man made obstruction in the river. Below the confluence they have found two sites suitable namely (1)Crossing no. 11 in Gulzarbagh area requiring a bridge over four miles long opening from Khadir to Khadir with nearly one mile long visduct for the South bank approach and (2) Crossing no. 17 in the 12th mile of Patna-Bukhtiarpur Road in Sabalpur-Bankaghat area requiring two bridges on Mahnar and Fatwah Channels with one guide fund for each of the bridges. The latter site is slight modification of Site no, 2 suggested by P. W. D.

श्री इन्द्र कुमार--कितना रुपया दिया है ?

श्री राम विलास शर्मा (मंत्री)––१५ लाख ।

श्री इन्द्र कुमार––रुपया में लिया कि डॉलर में ।

श्री राम विलास शर्मा (मंत्री)––७५ हजार डॉलर और बाकी रुपया । सदन को पूरी जानकारी एक्सपर्ट ओपिनियन से न करावें । अगर उचित समझें तो भरवेटिम रिपोर्ट का साईक्लोस्टाइल बंटवा देंगे । इस पर दो चार वर्ष इनभेस्टिगेशन हुआ । कई फाइब-इयर प्लान में यह ऐडेड हुआ और करीब दस लाख रुपया दिया गया । अब फिर रिटायर करने के लिये कहते हैं तो ऐसा न हो कि १०––२० वर्ष लग जाय ।

श्री इन्द्र कुमार––पहले माननीय मंत्री भी ऐसा ही कहते थे कि पटने में पुल बने ।

श्री राम विलास शर्मा (मंत्री)––मैं अब भी कह रहा हूं कि सभी की यदि राय है तो पटने ही में पुल बने । इससे सभी को लाभ होगा । लेकिन अगर एक्सपर्ट ओपिनियन यह हुआ कि पटना में पुल बनने से डैन्जर होगा तो हमारी आपकी सभी की जिम्मेदारी है । क्योंकि मैं समझता हूं कि इसपर एक्सपर्ट ओपिनियन लेना ही होगा और उनकी बात माननी ही होगी । यदि पटने में पुल बनने से कोई खतरे की संभावना हुई तो इसे भी गम्भीरता-पूर्वक देखना होगा ।

श्री राम विलास शर्मा (मंत्री)––बहुत शान्ति से सदन इस बात पर पुनर्विचार करे कि इस पर आगे बढ़ा जाय या इसे खतम कर दिया जाय और यदि खतम कर दिया जाय तो कब तक के लिये इसे खतम किया जाय । यदि सदन चाहे तो यह ओपिनियन जानने के लिये एक कमिटी बना कर उसके सामने इन सारी चीजों को रख दे । हाउस दो-तीन कमिटी का गठन करे और हाउस के एक्सपर्ट उसमें इन सभी बातों पर विचार कर लें और तब सरकार को कहा जाय । इससे समय कम लगेगा, काम जल्द हो जायगा । ऐसा नहीं करने से दिक्कत होगी और यह प्रस्ताव ज्यों-का-त्यों रह जायगा । अगर काम करना हो तो एक सिलसिला से काम होना चाहिये । हाउस २-३ कमिटी बना दे । बस कमिटी रुपये के उपबंध, साइट सलेक्शन आदि बातों पर विचार करके अपना ओपिनियन दे दे । ऐसे प्रस्ताव पास कर देने से गलतफहमी फैलेगी अभी सबलपुर में पुल बनना मंजूर हो गया है और रुपया भी जल्द इस योजना में मिल जायेगा । यदि देर हुई तो फिर दूसरे फाइव-इयर प्लैन के लिये वेट करना होगा ।

श्री इन्द्र कुमार––फाइव-इयर प्लैन अभी खतम नहीं हो रहा है । अभी समय है ।

श्री इन्द्रदीप सिंह––अध्यक्ष महोदय, हमारा एक पोयान्ट ओफ आर्डर है । बिहार विधान-परिषद् मैनुअल के रूल ७६ को देख लिया जाय । मंत्री महोदय ने जितने डाकुमेंट पढ़ कर सुनाये उन सभी को सदन की मेज पर रख देना होगा । उन्होंने स्वीकार भी किया है कि एक्सपर्ट ओपीनियन को साइक्लोस्टाइल करके सदस्यों के बीच बांट देंगे । दूसरा मैं समझता हूं कि हमारे श्री कैलाश सिंह जी का जो प्रस्ताव है उस पर मंत्री महोदय ने अपना सुझाव रखा है । उसे मान लिया जाय । सदन इसे एकमत से स्वीकार कर ले । एक कमिटी

बनायी जाय जिसके समक्ष सभी कागजात उपस्थित किये जायं। वह कमिटी अपने निर्णय से सदन को रिपोर्ट करेगी।

(ठीक है, ठीक है की आवाज।)

अध्यासीन सदस्य (श्री ए० के० सेन)--उन्होंने अपना विचार प्रकट किया है जिसपर सरकार को विचार करना होगा। रूल ७६ में यह भी है कि—

Provided that this Rule shall not apply to any document which is stated by the Minister to be of such a nature that its production would be against public interest.

मैं समझता हूं कि यह परसनल राय है। यह कन्फीडेन्सीयल है।

गवर्नमेंट को इस पर विचार करना है कि इसको करे या नहीं करे।

श्री इन्द्रदीप सिंह—अध्यक्ष महोदय, सारे क्लासिफाइड मैटीरियल आपने दे दी। ह्वाइट कम्पनी को दे दिया। उस वक्त हमलोगों ने एतराज भी किया था। यह सारी मेटीरियल हम लोगों के खिलाफ इस्तेमाल हो सकता है। इसलिये इसको सदन के सामने रखने में आपत्ति नहीं होनी चाहिये क्योंकि यह विदेशियों के हाथ में पहले दी जा चुकी है।

श्री राम विलास शर्मा (मंत्री)—एक्सपर्ट ओपिनियन हमने आप के सामने रखा। अगर जरूरत होगी तो कमिटी के सामने रखा जायेगा। लेकिन जो कन्फिडेंशियल है उसको नहीं रखेंगे।

अब हम श्री कैलाश सिंह से निवेदन करना चाहते हैं कि वे इस प्रस्ताव को वापस ले लें और कमिटी बना दें जो १५ दिन के अन्दर अपनी रिपोर्ट दे दे।

श्री इन्द्रदीप सिंह—पटना नगर के सामने पुल बने इसी पर कमिटी को विचार करना है।

श्री राम विलास शर्मा (मंत्री)—कमिटी जो बने, वह सबलपुर पर भी ध्यान रखे। पटना, दानापुर, महेन्द्रू सब पर ख्याल करे।

अध्यासीन सदस्य (श्री अनिल कुमार सेन)—हम चाहते हैं कि प्रस्ताव वापस ले लिया जाय और कमिटी बना दी जाय। कमिटी चाहे माननीय सदस्य बनावें या यह अधिकार सरकार को दे दें। कमिटी को यह हिदायत रहे कि वह १५ दिनों में प्रतिवेदन दे दे।

श्री कैलाश सिंह—अध्यक्ष महोदय, श्री इन्द्रदीप सिंह ने सुझाव दिया और मंत्री श्री राम विलास शर्मा ने भी सुझाव दिया कि समिति का गठन किया जाय जो सभी पहलुओं पर विचार करे। सरकार सभी कागजात को कमिटी के सामने रखे, जो गोपनीय हो उसको बचाते हुए मंत्री जी ने आश्वासन दिया है और श्री इन्द्रदीप सिंह ने उसका समर्थन किया है।

श्री अब्दुल गफूर—अध्यक्ष महोदय, सारी बातों को सुनने के बाद मालूम होता है कि कमिटी के जाल में फंसाना चाहते हैं। हां, यह आश्वासन रहे कि कमिटी के फैसले को माना जायगा तो हमें कोई एतराज नहीं हो सकता है। अगर सरकार इसको नहीं मानती है तो हमारी जो रिकमेन्डेशन प्रस्ताव के रूप में है उसको पास किया जाय। अगर सरकार

इसको न करे तो दोनों सदनों की समिति बनायी जाय और वह जो फैसला दे उसको सरकार मान ले । अगर दोनों सदनों की कमिटी नहीं बनायी जायेगी तो दोनों कमिटियों का फैसला दो तरह का हो सकता है ।

श्री सैयद नजीर हैदर--एक बात है । अगर आपने इस सदन की एक कमिटी बना दी और उसने रेकमेंड किया कि पुल सब्बलपुर में बनाया जाय । फिर असेम्बली की कमिटी ने रेकमेंड किया कि पटना में पुल बने । तो ऐसी हालत में कंफ्लिक्ट हो जायगा । और यह अच्छी बात नहीं होगी ।

अध्यासीन सदस्य (श्री अनिल कुमार सेन)--जहांतक मैं समझता हूं राम विलास बाबू का कहना है कि हाउस अपना ओपिनियन दे । तो मेरा ख्याल है कि चेयरमैन को औथराइज कर दिया जाय कि वे कमिटी के सदस्य नौमिनेट करें ।

श्री जगन्नाथ सरकार--मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या सब्बलपुर ही के बारे में केवल पुल बनाने के लिये रिकमेन्डेशन है या दूसरे स्थान के लिये भी एक्सपर्ट लोगों ने रिकमें किया है ।

श्री राम विलास शर्मा (मंत्री)--अभी गवर्नमेंट का कोई कन्क्रीट प्रोपोजल नहीं है । अभी कमिटी बन जाय ।

अध्यासीन सदस्य (श्री अनिल कुमार सेन)--हम चाहते हैं कि कमिटी के सदस्य का नम्बर तय हो जाय और उसके बाद चेयरमैन नोमिनेट करके तय करें कि कबतक कमिटी की रिपोर्ट सदन में पेश हो ।

श्री इन्द्र कुमार--अगर कोई मित्र देश पटना में पुल बनाने में सहायता दे तो क्या सरकार भारत सरकार से बातचीत करेगी ? मैं सरकार से यह जानना चाहता हूं कि अगर कोई दोस्ती के रूप में पुल-निर्माण सम्बन्धी सहायता करने का ऑफर दे तो क्या सरकार इस संबंध में भारत सरकार की राय लेने की कोशिश करेगी और भारत सरकार से सहमति प्राप्त करने की दिशा में प्रयत्नशील होगी या नहीं ?

श्री राम विलास शर्मा (मंत्री)--यह सवाल तो अध्यक्ष महोदय, सेलेक्शन आफ साईट तक ही सीमित है, यह तो मेरी राय में अन्य पहलुओं पर वाद-विवाद करने का अवसर नहीं है, इस प्रस्ताव का स्कोप तो लिमिटेड है ।

श्री कैलाश सिंह--मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि एक समिति का गठन किया जाय और उस समिति के समक्ष इस तरह के इंजीनियर और एक्सपर्टस बुलाये जायं, जिनका दिमाग इस विषय में खुला हुआ हो और जो यह विचार करने के लिये तैयार हों कि महेन्द्रू के पश्चिम में भी पुल बन सकता है केवल सब्बलपुर की ओर ही नहीं देखें ।

अध्यासीन सदस्य (श्री अनिल कुमार सेन)—जहांतक मैंने समझा है माननीय सदस्य यह कहना चाहते हैं कि एक समिति का गठन हो जो एक निश्चित समय के अन्दर सरकार के सामने अपनी रिपोर्ट पेश करे। क्या मैंने माननीय सदस्य को ठीक समझा है ?

श्री कैलाश सिंह—जी हां, मैं यही निवेदन करना चाहता था।

अध्यासीन सदस्य (श्री अनिल कुमार सेन)—ठीक है, माननीय सदस्य की यह राय है कि १५ सदस्यों की एक समिति का गठन इस प्रश्न पर छानबीन करने के लिये गठित की जाय और उस समिति को यह आदेश दिया जाय कि १५ दिनों की अवधि के अन्दर यह समिति परिषद् के समक्ष विचार करने के लिये अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत कर दे।

श्री कैलाश सिंह—१५ दिनों की अवधि बहुत ही कम है इसको कुछ बढ़ा दिया जाय। इस अवधि को बढ़ाकर महीना कर दिया जाय।

अध्यासीन सदस्य (श्री अनिल कुमार सेन)—ठीक है माननीय सदस्य की जैसी राय हो एक महीने का समय ही निर्धारित कर दिया जाय, जून महीने के अन्त तक रिपोर्ट पेश करने का समय निश्चित कर दिया जाय। मेम्बरों को कमिटी में लेने का और कमिटी के टर्म्स और रेफरेंस निश्चित करने का अधिकार चेयरमैन को ही है।

अध्यासीन सदस्य (श्री अनिल कुमार सेन)—प्रश्न यह है कि :

माननीय सदस्य श्री कैलाश सिंह को अपना प्रस्ताव वापस लेने की इजाजत दी जाय।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

परिषद् की राय से श्री कैलाश सिंह ने प्रस्ताव वापस लिया।

श्री जयदेव प्रसाद—अध्यक्ष महोदय, मैं यह प्रस्ताव करता हूं कि यह बिहार विधान परिषद् राज्य सरकार से अभिस्ताव करती है कि यह पटना मेडिकल कालेज अस्पताल में उत्कृष्ट चिकित्सा शिक्षण के लिये विशिष्ट चिकित्सा प्रशिक्षण की ठोस व्यवस्था करे।”

अध्यासीन सदस्य (श्री अनिल कुमार सेन)—अब परिषद् की कार्यवाही दिनांक २ जून, १९६९ को १२ बजे दिन तक के लिये स्थगित की जाती है।

(परिषद् की कार्यवाही सोमवार, दिनांक २ जून १९६९ को, १२ बजे दिन तक के लिये स्थगित की गई।)

४२वां सत्र ।

दिनांक २ जून, १९६९ की कार्यवाही का उद्धरण ।

Committee nominated by the acting Chairman, Bihar Legislative Council to examine the issue of location of the bridge on the Ganges either at Patna or at Sabalpur.

DEPUTY CHAIRMAN : I nominate the following members of the Bihar Legislative Council to form a Committee to examine the location of the bridge on the Ganges either at Patna or at Sabalpur:—

(1) Shri Ram Bilas Sharma—*Chairman.*

Members.

(2) Shri Anil Kumar Sen.
(3) Shri Rajandhari Sinha.
(4) Shri Bir Narayan Chand.
(5) Shri Indradeep Sinha.
(6) Shri Kailash Singh.
(7) Shri Nurullah Saheb.
(8) Shri Jamuna Prasad Singh.
(9) Shri Ravaneshwar Mishra.
(10) Shri Ramanand Singh.
(11) Shri Fazlur Rahman.
(12) Shrimati Prabhavati Gupta.
(13) Shri Indra Kumar.
(14) Shri Purnendu Narayan Sinha.
(15) Shri Krishna Mohan Pyare Singh.

Reference

The Committee is to examine the issue of location of the bridge in question as referred to in the non-official resolution of Shri Kailash Singh, M. L. C., dated the 30th May 1969 (since withdrawn) either at Patna or at Sabalpur in the context of the experts' opinion already with the Government and other materials as deemed essential and submit its report to the acting Chairman of the Bihar Legislative Council by 1st July, 1969, for its transmission to the Government for consideration.

This Committee should be assisted by the Secretary, Bihar Legislative Council, Shri M. M. Bose, Chief Egineer and any other officer or officers officially connected with this project.

सत्यमेव जयते

BROCHURES AND SKETCHES SUBMITTED BY THE PUBLIC WORKS DEPARTMENT, BIHAR.

बिहार के लोक-निर्माण विभाग द्वारा समुपस्थित ब्रोच्योर तथा स्केचेज।

(1) Ditto. तदैव

(2) Ditto. तदैव

(3) Ditto. तदैव

सत्यमेव जयते

No. 1

A SHORT NOTE ON THE PROPOSED BRIDGE OVER THE RIVER GANGA NEAR PATNA IN THE STATE OF BIHAR, INDIA.

1. *River Ganga.*

1.1. –In its upper reaches of nearly 600 miles, the river Ganga is bridged at six places in Uttar Pradesh, but in its flow of 300 miles through the Bihar State in which it is joined by four major tributaries, Saryu, Sone, Gandak and Kosi (Patna being situated at the confluence of the Ganga with Gandak), it is bridged only at Mokameh, which is 265 miles away from the nearest bridge in U.P., viz., the Malviya Bridge.

2. *Bridge needed for rapid economic growth of North Bihar, Eastern U.P. and Nepal.*

2.1. The position is particularly unfortunate for Bihar because the Ganga divides the State of Bihar into two distinct zones, each significantly important. The northern area comprising the agricultural belt of about 20,000 sq. miles with a population of nearly 30 millions having rich potentialities for agro-industrial development (lying north of the river Ganga). The southern zone is the industrial belt of Bihar having all the minerals like coal, mica, lime, bauxite, pyrites, uranium, road metal, etc., and industries like the Heavy Engineering Corporation, H.T.I. Factory, Coal Washeries, N.C.D.C., Tata Iron and Steel Plant, Thermal Power Station, Cement Factories, etc., lying further south in the Chotanagpur Plateau. Parts of eastern U.P. and Nepal are also identical to areas of North Bihar, and are more or less dependent upon the development of North Bihar. The agricultural base of North Bihar has to be strengthened by controlling floods, increasing irrigated agricultural area and yield by scientific method of cultivation and supply of more power. But strengthening of the agricultural base alone will not lead to integrated all round development of the area and solve the very many problems of the vast population inhabiting the area. It is necessary to provide an industrial base to the economy of this zone. For this, industries such as paper from bamboos and high load quality paper from linseed straw. jute goods like hassian, confectionery, butter and milk products, canning, sugar, refrigeration industry for fruits and vegetables, etc., have to be developed in the area. Bagasse, procured from sugarcane crushing in North Bihar, which is used as fuel, can be used for paper production if more coal is available from South Bihar. A number of petrochemical industries can grow utilising the by-products of the Oil Refinery at Barauni. Thus, the economic uplift of as many as 30 million people inhabiting this area, is linked with rapid industrialisation of North Bihar, which can only be brought about if there is an improved communication system between the north and south by means of a bridge over the river Ganga near Patna. Even development of agriculture, irrigation, power, communication and social services, would need movement of building materials—such as coal, stone metal, chips, cement, steel, etc., which, at the movement, move *via* Manuadih near Banaras creating considerable transport difficulties. A direct road communication provided by a bridge at Patna would bring the industrial complex of Chotanagpur nearer North Bihar and would be a powerful lever in the promotion of industries by facilitating the movement of industrial raw materials, plants and machinery, fuel and construction materials. The industries of the south would also gain because of easy access to the populous markets of the north.

2.2. Patna town has developed into a linear city about fourteen miles in length and two to three miles in breadth, having no scope for expansion due to existence of the river Ganga on the north and the low-lands flooded by the River Punpun on the south. The town has, therefore, grown on the bank of the river posing problem for its safety from bank erosion from the River Ganga and flooding by spill water during the high flood.

3. *Road system.*

3.1. Patna, the capital town of Bihar is situated on the south bank of the river Ganga on National Highway no. 30, which connects it to the vast industrial and mineral belt in South Bihar and Chotanagpur through a net-work of State roads and National Highways. Muzaffarpur, which is the principal town of North Bihar, is situated on N.H. 28, which connects Motihari and Raxaul and through Raxaul to Kathmandu, the capital of Nepal *via* Tribhuwan Rajpath. Due to absence of a road bridge near Patna, there is no direct link between the State Capital and principal towns of North Bihar.

3.2. The construction of bridge across the river Ganga near Patna will shorten the distance between Patna and principal towns of North Bihar, namely Muzaffarpur, Chapra, Motihari, Raxaul, Darbhanga, etc., by about 86 miles average by linking directly N.H. 30 near Patna to N.H. 28 near Muzaffarpur *via* Mahua. It will also provide a short and direct road link to Nepal *via* Raxaul.

4. *Site.*

4.1. The question of locating a suitable bridge site over the river Ganga at Patna has been under consideration of the Government ever since 1945 when the proposal for a rail-*cum*-road bridge at Patna was first initiated by the Post-War Reconstruction Committee, P.W.D., Bihar. On the suggestion of the State Government the Government of India sanctioned a comprehensive survey to be made for a rail-*cum*-road bridge at Patna or Mokamehghat.

4.2. Mr. J. M. Fenton, Deputy Chief Engineer of Eastern Railway, carried out detailed investigations of the river course extending from twenty miles up stream of Patna to twenty miles down-stream of Mokameh. He collected hydraulic data and other details of the river conditions of nearly 118 years between 1828 and 1945. Fenton, while summarising on the site question from an engineering point of view has concluded as follows:—

> "No favourable or feasible site in the neighbourhood of Patna exists at the present time nor with any future possible configuration of the river in this neighbourhood, is it expected that an entirely favourable site would even be found. Of the two suggested future sites (Digha and Sabalpur) the one down-stream of Patna town the eastern mostoutskirt of Patna has been favoured by him." (Refer Fenton's Report—paragraph 28 of Chapter IV). During the course of his investigation of possible sites near Patna, Fenton also consulted Mr. Gerald Lacey, ex-Chief Engineer, Irrigation, U.P. and the views expressed by Mr. Lacey (Appendix I of Fenton's Report) on the site question are as follows:—
>
> > "The suggested possible future site, as opposed to the present practicable site, is based on reasoned conjecture on possible future changes in the river. The future site, on the eastern outskirts of Patna and down-stream of the Gandak confluence, is by no means a remote possibility. It is supported by scientific deduction from the data available and it may well be within a few decades that the future configuration of the river will render the proposed site in every way acceptable. The only difficulty would arise in connexion with ancillary works. The site should be watched, and as suggested in the report the necessary river surveys made every two years."

4.3. The State Government voiced its strong resentment against the above decision of the Government of India and urged upon them to construct the bridge at Patna. As a result, an assurance was given by the Government of India that although the Railways would construct the rail-*cum*-road bridge at Mokameh, the Central Government would consider sanctioning an *ad-hoc* grant if the State Government would decide to construct a road bridge at Patna after thorough investigation.

4.4. The State P.W.D. started preliminary investigation in 1949 and model tests were carried out at the Central Water and Power Research Station, Poona. The Poona Research Station in their report of December, 1951 concluded that the only site feasible in the vicinity of Patna was ten miles down-stream of Patna, near Sabalpur where two bridges would be required on the two channels, viz., Mahnar and Fatwah Channels, with both bridges connected by an embankment road (vide paragraph 10 at page 60 of Memorandum on the location of bridges on the river Ganga at Patna).

4.5. The State P.W.D. again took up the question of siting the rail-*cum*-road bridge at Patna with the Government of India in 1952, and as a result, an expert Committee was appointed, in March 1952, under the Chairmanship of Sir M. Veswasaraya, who, after examining all the details and inspecting the various alternative sites in Bihar and West Bengal recommended construction of the bridge at Mokameh. He did not consider any site in the Patna region to be feasible for construction of a rail-*cum*-road bridge. He, however, considered Sabalpur on the eastern outskirts of Patna town to be the only feasible site near Patna although very costly. Accordingly, the Government of India decided to construct the rail-*cum*-road bridge at Mokameh.

5. *River conditions near Patna.*

5.1. Patna is situated on the right bank of the river Ganga at the confluences of three mighty rivers in close proximity, the Sone and the Gogra beinga short distance off on the upstream and the Gandak opposite the City itself. Out of the total discharge passing the main river down Patna town, over 70 per cent is contributed by the three tributaries, each one having a eratic history, all combined make the future behaviour of the river Ganga at Patna quite unpredictable. Down-stream of the confluence of the Sone and the Gogra, the river is subject to accentuated vagaries; the main channel is ill-defined and the course of the river is highly indeterminate, and the river in general is straggling and wide.

5.2. At Maner, the width of the khadir of the river is about six miles, at Dinapore seven miles, at Digha 4¾ miles, at Mahendrughat five miles, at Gulzarbagh four miles, and at Sabalpur seven miles. The main course of the river opposite Dinapore flows hugging the north bank up to Pahlezaghat (Kasmar) where it is deflected towards south bank, in a south-easterly direction and impinges on the Patna bank near Digha. From Digha downward it follows a serpentine course up to Patna City on the south bank where it bifurcates into two channels, namely, the Fatwah and the Mahnar channels. The river Gandak joins the main channel a little above the bifurcation point.

5.3. For construction of a bridge, the river has to be constricted in width from five miles to about 1½ miles and trained by providing guide bundhs, spurs, etc., to keep it pinned within the bridge openings. The constriction of the river-width, and putting the bridge structure in its course would create obstruction, and there would naturally be tremendous concentration of flows, increase of velocity and increase of scour in the bed as well as on the banks. Since the main channel flows in a serpentine course hugging the Patna bank, the bridge structures have to be provided on the Patna side channel, and the remaining width of over four miles of the river has to be blocked by providing high earthen embankment. The configuration of the river in this region is such that constriction of the width, and provision of training work on the north side bank, will have tremendous impact of strong current on the south bank, exposing the heavily built-up areas of Patna town to grave danger. It may be remembered that the High Flood Level of Ganga at Patna is much above the general ground level in Bankipore and New Capital area and for protection of the town, marginal embankment has been provided along Patna-Dinapore road. Even without putting a bridge at Mahendrughat or Digha. Patna is exposed to the attack of the river during high floods, and protective measures, by providing a *pucca* marginal embankment, have been provided and strict vigil has to be kept for safety of the town. If we create a massive obstruction in the river by putting a bridge and closing 4 miles width of the river, the danger to the town would be considerably accentuated.

6.1. *Survey and investigation by P.W.D.*

6. In 1961, survey and investigation of the river Ganga in the region of Patna were carried out by Ganga Bridge Survey Division, as a result of which three alternative sites, namely, Site no. 1 near Digha, Site no. 2 near Mahendrughat and Site no. 3 near Sabalpur, were suggested for detailed studies. In view of the problematic conditions of the river near Patna, StateGovernment decided to take up a detailed survey and investigations of the river near Patna in 1965, which included the Sub-soil explorations on the north and south bank and in the bed of the river along different alternative alignments. A separate wing of P.W.D. carried out extensive survey of the river in an area comprising 300 sq. miles over a total river length of 40 miles. Investigations were concentrated on four sites, namely, Site no. 1 at Digha, Site no. 2 or 2A near Mahendrughat, Site no. 3 near Sabalpur and Site no. 4 in Gulzarbagh area. Accordingly, the Central Water and Power Research Station, Poona and Irrigation Research Institute, Roorkee were requested to carry out model tests for all these sites separately and furnish independent suggestions on the suitability of these sites, of course, within the limitations that results in model tests depict. As a result of detailed investigations, P.W.D. prepared a project report and two alternative estimates for Site no. 2 near Patna Collectorate and Site no. 3 near Sabalpur for consideration of Government.

6.2. The suitability or otherwise of each bridge site has to be examined from the following considerations :—

(*i*) Technical feasibility from hydrological considerations;

(*ii*) Safety of Patna town;

(*iii*) Cost of construction;

(*iv*) Cost of maintenance of bridge and river training work;

(*v*) Problem of acquisition of built-up area;

(*vi*) Construction of approaches with alignment;

(*vii*) Percentage of traffic passing to eastern and western region of the bridge;

(*viii*) Traffic hazards due to induction of very heavy vehicular traffic through a busy capital of the State;

(*ix*) Space required for storage of materials, construction camps, plants and equipments, etc.;

(*x*) Possibility of utilizing the site for bridge construction in future by railways for a rail bridge;

(*xi*) Possibility for immediate commencement and time required for completion;

(*xii*) Cost benefit ratio, so that the scheme may be economically attractive for financial assistance by the Central Government or under foreign aid programme.

The evaluation of various sites under the above considerations is discussed in the subsequent paragraphs.

6.3. (*a*) *Site no.* 1 *near Digha*.—(*i*) This site is located two miles below Digha (2,050′ below mile post no. 2) on Patna-Maner road at the apex of the curved reach of the river where, coming from Kasmar, its flow is guided along the Patna bank. The main consideration for locating this site was that the bridge would be aligned almost along the axis of the "node" with a view to have the advantage of the stability of the channel under the bridge. In 1961, the main channel of the river was flowing away from the right bank and the proposal was to construct two guide bundhs on both sides of the bridge so as to keep the main channel away from Patna side bank. Since 1962, there has, however, been gradual change in the river configuration resulting in complete erosion of the island close to the Patna bank near the proposed bridge site on which the right guide bund was proposed to be constructed to deflect the river course away from Patna bank. Due to shifting of the main channel of the river to (flow hugging along) the south bank thereby increasing the obliquity of flow, the very feasibility of this site was ruled out. As a rule, the river should have a straight course and flow at least one mile above the bridge. The Research Stations, Poona and Roorkee also did not consider this site worthy of consideration and feasible from hydraulogical consideration as the river course above this site has unstable regime due to its shifting nature. The width of the river between Khadir to Khadir at this point is about six miles, and construction of a bridge spanning the full khadir width will be a very costly proposition and its cost benefit ratio would work out to be most uneconomical. This site is located in built-up area of the town and its approaches on south bank will be passing through the newly developed colony of Rajapur, Rajbansinagar, Punaichak, Srikrishnapuri and Mainpura.

(*ii*) Construction of one single bridge spanning the full width of khadir near Digha 2 miles up-stream of Site no. 1 is, however, possible where the width of the river is about 4¾ miles. This site has the advantage of sufficient open space, existing Railway siding, alignment of approach passing through less built-up area on Patna side, and easy and convenient connection with Sonepore Railway Station. The snag is, however, the high cost of construction due to long length of the bridge and undependability of Kasmar bluff which will have to be protected on the up-stream side, and river training work will have to be provided to deflect the river away from the Kasmar bluff. The cost of construction of the bridge and protection works including their regular maintenance will be very high and prohibitive. The cost benefit ratio of this scheme would be most uneconomical and the least attractive. Due to its excessively high cost of construction and long length of the bridge, there is also little probability of Railway utilizing this site for construction of a rail-bridge in future.

(*b*) *Site no. 2 or 2A near Mahendrughat.*—(*i*) About one mile downstream of Site no. 1, the south khadir bank becomes straight for a length of about 2½ miles below which it becomes slightly convex and then continues in a straight direction up to Patna City—a length of 6 miles. The main channel of the river has flown hugging the south bank and has never shifted its course away in this length during the last 100 years. If a bridge is constructed at about 2 miles downstream of Site no. 1, i.e., near Mahendrughat starting from south bank of the khadir, it may have the advantage of the river flowing down it in a straight course, but the fact that the river will be constricted from 5 miles to 1½ miles the intensity of the discharge will increase, thereby posing a serious danger to the safety of the Patna town. Extensive model tests for various alternative alignments, with different inclination of guide bundh, were carried out at Poona and Roorkee Research Stations. Model tests revealed, within a wide range of limitations that the model tests would depict, that due to constriction of the waterway and also the geometries of the site, bridge at either of these sites would result in an increased attack on the City bank. The north approach embankment was also subject to damage from the embayment action of the river Gandak on the downstream and of the Ganga on the upstream. To ensure satisfactory flow of the river along the north approach embankment, along the guide bundh and through the bridge, the stability of the Kasmar Bluff is a vital and most important factor. The soil investigation in Kasmar area has revealed that much dependence cannot be placed on Kasmar bluff also and in case this bluff is eroded, the north embankment will be in danger and the bridge itself will be exposed to the danger of getting outflanked by the river.

(*ii*) Apart from the hydrological considerations, the site near Mahendrughat suffers from other serious drawbacks which are discussed below :—

(*a*) There is no adequate space near the Patna bank for locating construction yard, godowns, workshops, labour colonies, etc., without going for demolition of built-up areas and consequent time consuming litigation, etc.

(*b*) About six hundred lacs cft. of stone boulders and stone metal, besides other materials, are required for guide bundh and pitching the side slopes of the river from Golghar to Patna City. These materials are required to be stored for a period of at least three years for use in the works. There is no adequate space available near the bank for storage of these materials. Even Gandhi Maidan will be too insufficient.

(*c*) The site slopes of the River Ganga from Golghar to Patna City have to be pitched with deep boulder pitching with the boulder apron. Due to presence of clay ledge in the bed of the river Ganga at places, the pitched apron may not launch properly during erosion, with the result that the annual cost of maintenance of the protective works will be very heavy and may entail expenditures of crores of rupees annually as the safety of Patna town, right on the bank of the river may, otherwise, be seriously endangered.

(*d*) A big railway siding is required for unloading and stacking of stone boulders, stone metal, cement, steel, etc., and for movement of these, three to four rakes will be arriving Patna daily. The siding at the Patna Junction or at Rajendranagar does not have adequate space for expansion to accommodate the siding and dumping yard for the bridge without going in for large-scale acquisition of built-up areas which besides being costly, would lead to long litigation.

(*e*) The transport of materials by trucks in the town area will create a collosal problem. About 350 to 400 trucks will be plying daily for a period of at least three years for carrying the boulders, metals and other materials from the Railway yard to construction zones. The roads of Patna are already congested and the additional traffic of this magnitude would pose uncontrollable problems. Further carriage of boulders by trucks for pitching the side slopes of the right bank of the Ganga from the Golghar to the Patna City would pose a difficult problem for want of a road on the bank (which is built all along from Golghar to Patna City without good link roads). Carriage of these massive quantities by boats, besides being costly, would be very time consuming and difficult.

(*f*) The alignment of the south side approach to the bridge at Mahendrughat site will take off from Patna Bye-pass second phase near agricultural firm, follow the road *via* Karbigahia, cross the Railway track by the existing Chirayatanr overbridge and following the Exhibition Road, and the eastern periphery of the Gandhi Maidan, shall meet the bridge near Patna Collectorate. For navigational clearance of 40 ft. above the highest flood level of the Ganges, the crust level of the approach road may be about 40 to 50 ft. above ground level and has to be provided with suitable fly-over or solid embankment. For local traffic, separate roads have to be provided. This will present tremendous land acquisition problems as built-up area in Chiraiyatanr and on Exhibition Road will be required to be acquired. Probably, Government may get involved in serious litigations, and it may not be possible to get the acquisition through, during the Fourth Five-Year Plan which will considerably delay the commencement of the project.

